## खास बात

अन्धे पेट के बड़े गहरे होते हैं। उन्हें बड़ी दूर की सूझती है।
- प्रेमचंद्र

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 145

नर्मदापुरम

शुक्रवार, 13 मार्च 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


## विशेष संपादकीय

### भ्रम फैला रहीं भविष्यवाणियों वाली रील्स

*आजकल हर एक व्यक्ति सोशल मीडिया यूज़र है। सुबह से लेकर रात में सोने तक एंड्रॉयड फोन बच्चों से लेकर बूढ़ों तक की जरूरत बने हुए हैं। एंड्रॉयड फोन यूज करने वाला हर व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत और समझदार हो यह जरूरी नहीं है। इसलिए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया कंटेंट एक बड़े वर्ग पर असर करता है। आजकल आप जैसे ही अपना एंड्राइड मोबाइल खोलते हैं ,वैसे ही तमाम तरह की रील्स आना शुरू हो जाती है। यह सारी रील्स अलग-अलग मुद्दों पर होती है , रोचक होती है भ्रामक भी रहती हैं,जिनका बड़ा गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। अगर हम इस समय वायरल कंटेंट की बात करें तो ,आजकल सबसे ज्यादा जो रील्स वायरल हो रही है ,या जिनकी सोशल मीडिया पर बाढ़ आई हुई है, वह भविष्यवाणियों को लेकर है। ऐसी ऐसी भविष्यवाणियां इन रील्स के माध्यम से आम आदमी तक पहुंच रहीं हैं,जिनका गहरा असर देखा जा सकता है। आजकल लगातार युद्ध से संबंधित भविष्यवाणियों की रील्स आपको देखने को मिल सकती है। हर दूसरा आदमी ज्योतिषाचार्य, भविष्य वक्ता बना हुआ है। कहीं कोई एस्ट्रोलॉजर भारत पाकिस्तान का युद्ध करा रहा है, तो कहीं विश्व युद्ध की बात रील्स के माध्यम से कह रहा है । इन तमाम तरह के भविष्यवक्ताओं के कारण एक भ्रम जैसी स्थिति समाज में निर्मित हो रही है । कम समझदार लोग पैनिक हो रहे हैं ,कि आगे क्या होने वाला है ,जबकि ऐसा कुछ नहीं है। कमाल की बात यह है कि सरकारी तंत्र का भी इन पर कोई नियंत्रण नहीं है, जबकि उनके ऊपर सेंसर लगाना बहुत आवश्यक है। क्योंकि ऐसे रीलबाज भविष्यवक्ता अपनी दुकानदारी जमाने के चक्कर में ऐसी बात जरूर अपने कंटेंट के माध्यम से करते हैं जिससे लोग उन्हें तुरंत नोटिस करें। यह रील्स वाले भविष्यवाणियों के खेल पर अब लगाम लगाने की सख्त जरूरत है।*

## अंतर्मना उवाच

***जब किसी को समझाना मुश्किल हो जाये.. तो खुद को समझा लेना ही समझदारी है..!***

*क्योंकि सब सोच समझ की अनुपस्थिति है।* ***जब आप सोचते हैं तब समझते नहीं है, और जब समझते हैं तब सोच गायब हो जाती है।*** *कभी आपने सोचा..? कि जब आप सोच रहे होते हैं, तो आपके दिमाग के भीतर असल में क्या चल रहा होता है..?* ***अन्तर्मन में सोच - शब्दों से या वाक्यों से चलती है।*** *लेकिन रिसर्च बताती है कि 80% विचार बिना भाषा के होते हैं और जब तक हम उसे प्रकट करते हैं या समझते हैं, उससे चार सैकेंड पहले ही दिमाग उस पर फैसला कर चुका होता है।*



तापमान- 36 डिग्री, स्थान- प्रतापगढ़, राजस्थान। मंगल बिहार के समय भरी दोपहरी में सामायिक करते अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज स्थान- प्रतापगढ़, राजस्थान

***हमारे मन की धारा में शब्द केवल एक छोटा-सा हिस्सा है।*** *दरअसल हमारे विचार अक्सर धुंधली तस्वीरों, संवेदनाओं या बिना शब्दों वाले स्वरूपों और अनुभवों के रूप में तैरते रहते हैं। दुनिया में 25% लोग ऐसे हैं जो हर समय शब्दों में सोचते हैं। तकरीबन 20% विचार ऐसे होते हैं जिनमें न कोई तस्वीर होती है और न शब्द। वे केवल जान लेने या महसूस कर लेने का अहसास होते हैं।*

***जब हम कुछ नहीं कर रहे होते हैं तब भी हमारा दिमाग भीतर ही भीतर बड़े बदलावों की तैयारी कर रहा होता है।*** *कोई भी विचार आपके मन में आने से पहले ही - अवचेतन स्तर पर उसका बीज तैयार हो चुका होता है। इसलिए* ***खाली वक्त - दिमाग में कुछ नई चीज गढ़ने में व्यस्त रहता है...!!!***

■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## उड़ता तीर




# बेहतर समन्वय से केन्द्र सरकार के मंत्रालयों से मिल रहा है पूरा सहयोग : मुख्यमंत्री



**सीएम ने की केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों के साथ भेंट कर, राज्य हित के विषयों पर चर्चा की। सीएम ने केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट के बाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि उनका नई दिल्ली प्रवास बहुत सफल रहा। केंद्र सरकार के मंत्रालयों के साथ बेहतर समन्वय से मप्र के लिए विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति में पूर्ण सहयोग मिल रहा है। संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए केंद्र सरकार के सहयोग और भविष्य की दृष्टि से उपयोगी प्रकल्पों के संबंध में सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कई योजनाओं के क्रियान्वयन में मप्र के अग्रणी रहने की जानकारी भी केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों को प्रदान की गई।

**मध्यप्रदेश में होगी राज्यों के कृषि मंत्रियों की बैठक**-सीएम ने बताया कि कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने के लिए निकट भविष्य में राज्यों के कृषि मंत्री मप्र में संयुक्त बैठक कर विचार-विमर्श करेंगे। कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका और कृषि तकनीक सहित किसानों के हित से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर इस बैठक में चर्चा होगी।

**कृषि और ग्रामीण विकास योजनाएं**-सीएम ने बताया कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ किसानों की आय वृद्धि और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने पर बातचीत हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में किसान कल्याण वर्ष-2026 के अंतर्गत 17 विभागों के सहयोग और समन्वय से संचालित कृषक कल्याण अभियान की जानकारी केन्द्रीय कृषि मंत्री को दी।

### सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा

सीएम ने बताया कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भी उनकी भेंट हुई। विश्व में सबसे पहले मप्र में 2 अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल के लिए केन्द्र द्वारा मंजूरी दी गई है। एक-एक लाख करोड़ की सहायता परियोजना के लिए प्राप्त होगी। मप्र सिंचाई क्षेत्र में तेजी से प्रगति करने वाला राज्य है। सीएम ने बताया कि पाटिल से परियोजना के साथ ही नर्मदा घाटी सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत पड़ोसी राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ हुई अनुबंधों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई।

### एलपीजी गैस संकट पर पीएम मोदी का कड़ा रुख, मंत्रियों को दिए सख्त निर्देश

# देश में घबराहट और पैनिक का माहौल बनाने वालों पर रखी जाए पैनी नजर

**कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी जीत, होर्मुज से सुरक्षित निकले टैंकर**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

ईरान में चल रहे युद्ध के कारण देश भर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत और लंबी लाइनों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखी है। गुरुवार को अपने मंत्रियों के साथ हुई एक अहम बैठक में पीएम मोदी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जो लोग इस संकट का फायदा उठाकर देश में घबराहट और पैनिक का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने मंत्रियों से स्पष्ट कहा कि वे सोशल मीडिया पर पूरी तरह एक्टिव रहें और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे किसी भी प्रोपेगेंडा या भ्रामक प्रचार का आक्रामक तरीके से, लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दें।

**अन्य देशों के मुकाबले भारत मजबूत**


पीएम ने देशवासियों और अपनी कैबिनेट को आश्वस्त किया है कि इस वैश्विक संकट से निपटने के लिए भारत की तैयारियां बहुत पुख्ता हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी गंभीर स्थिति है जिसका असर सिर्फ किसी एक देश पर नहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और सप्लाई चेन पर पड़ रहा है। हालांकि, हमारे पड़ोसी और दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में भारत इस संभावित संकट का सामना करने के लिए कहीं अधिक बेहतर और मजबूत स्थिति में है। इससे पहले बुधवार को भी तमिलनाडु में एनडीए की एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कमर्शियल एलपीजी की कमी से प्रभावित होटल क्षेत्र का जिक्र करते हुए जनता से पैनिक न करने और केवल प्रमाणित जानकारी ही साझा करने की अपील की थी।

एक तरफ देश के अंदर गैस संकट को लेकर सरकार मुस्तैद है, तो दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भारत को एक बहुत बड़ी कूटनीतिक कामयाबी हासिल हुई है। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के अहम समुद्री मार्ग से अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही रोकने और बाधित करने की कोशिशों के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से उच्च स्तरीय वार्ता की। इस कूटनीतिक बातचीत का शानदार नतीजा निकला है और ईरान भारत के लिए इस रास्ते को खोलने पर राजी हो गया है। समझौते के तहत, ईरान अब भारतीय झंडे वाले टैंकरों को वहां से बिना किसी रोक-टोक के गुजरने देगा। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के दो बड़े टैंकर 'पुष्पक' और 'परिमल' इस जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं, जो भारत की ऊर्जा सप्लाई के लिए एक बहुत बड़ी राहत की खबर है।



**एलपीजी की कालाबाजारी, घर से 15 से ज्यादा सिलेंडर जब्त**

**भोपाल।** राजधानी में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कालाबाजारी पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को खाद्य विभाग और प्रशासन की टीम ने गांधी नगर इलाके में एक घर पर छापा मारकर 15 से ज्यादा घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। अधिकारियों के अनुसार यह सिलेंडर अवैध तरीके से जमा कर ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि करीब 900 रुपये में मिलने वाले घरेलू सिलेंडर को 1500 रुपये तक में बेचने की कोशिश की जा रही थी।



**'देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं', पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- घबराने की जरूरत नहीं**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



### लाडली बहनों को आज मिलेगी 34वीं किस्त

# 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में आएगी 1836 करोड़ की राशि

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के घाटीगांव स्थित शबरी माता मंदिर में आयोजित लाडली बहना सम्मेलन में बड़ी सौगात देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। यह राशि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 34वीं किस्त के रूप में दी जाएगी। प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में योजना के तहत नवंबर 2025 से मासिक सहायता राशि में 250 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना जून 2023 में तत्कालीन शिवराज सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इस योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जून 2023 से फरवरी 2026 तक योजना की 33 किस्तों का भुगतान किया जा चुका है। इस अवधि में महिलाओं के खातों में करीब 54,140 करोड़ रुपये की राशि सीधे भेजी गई है। प्रदेश सरकार का कहना है कि आगे चलकर योजना से जुड़ी महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखा जाएगा। उन्हें कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और परिवार व समाज की प्रगति में भागीदारी कर सकें।

**सीएम ग्वालियर को देंगे 122 करोड़ के 54 विकास कार्यों की सौगात**

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ग्वालियर जिले में लगभग 122 करोड़ रुपये की लागत के 54 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी करेंगे। इनमें करीब 62 करोड़ रुपये की लागत के 19 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। इन कार्यों में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलैथ का नया भवन, डाडा खिरक तिघरा मार्ग पर सांक नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल, उप स्वास्थ्य केंद्र बन्हेरी और शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बनी नई सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा आईएसबीटी के पास 100 सीटर श्रमिक विश्रामगृह, अंबेडकर धाम के दूसरे चरण में संग्रहालय निर्माण, आयुर्वेदिक महाविद्यालय में एनाटॉमी विभाग के लिए हॉल और छात्रावास सहित कई विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया जाएगा।



**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जल प्रबंधन के लिये की जा रही हैं जनभागीदारी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये प्रभावी रूप से जनभागीदारी की पहल की गई है। प्रदेश में 'जल महोत्सव-2026' आयोजित किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत यह अभियान केवल पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राम स्तर पर जल प्रबंधन के लिये समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति व्यवस्था को दीर्घकालिक, उत्तरदायी और आत्मनिर्भर बनाने की अवधारणा को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### सागर में दिल दहला देने वाली वारदात

# मां ने चार बेटियों को कुएं में फेंककर मार डाला, फिर खुद लगाई फांसी

**सागर ■ एजेंसी**

मध्य प्रदेश के सागर जिले से एक ऐसी सनसनीखेज खबर सामने आई है जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। जिले के केसली थाना क्षेत्र के खमरिया गांव में एक मां ने अपनी ही चार मासूम बेटियों की बेरहमी से हत्या कर दी। महिला ने चारों बच्चियों को कुएं में फेंक दिया और उसके बाद खुद घर जाकर फांसी के फंदे पर झूल गई। इस सामूहिक मौत की खबर मिलते ही पूरे इलाके में मातम पसर गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका की पहचान 30 वर्षीय सविता लोधी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सविता ने गुरुवार को अपनी चारों बेटियों को घर के पास स्थित हरपाल घोसी के खेत में बने कुएं में धकेल दिया। पानी गहरा होने के कारण चारों मासूमों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में सबसे बड़ी बेटी की उम्र महज 7 साल बताई जा रही है। अपनी बेटियों को मौत के घाट उतारने के बाद सविता ने आत्मघाती कदम उठाते हुए खुद को भी फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही केसली थाना पुलिस और टड़ा चौकी की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कुएं से चारों बच्चियों के शव बाहर निकाले। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को भी बुलाया गया है।



### इथियोपिया में भूस्खलन से मची तबाही; 50 लोगों की मौत, 125 लापता

**अदीस अबाबा।** अफ्रीकी देश इथोपिया के दक्षिणी हिस्सों में लगातार एक हफ्ते तक हुई भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई, जबकि 125 अन्य लोग लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन गामो जोन के तीन जिलों गाचो बाबा, कम्बा और बॉकें में हुआ। गामो जोन के आपदा प्रतिक्रिया निदेशक मेसफिन मनुका ने बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाकों में अचानक भूस्खलन हुआ, जिससे बड़ी संख्या में लोग मलबे में दब गए।

# सरसों की खरीदी के लिए भावांतर भुगतान योजना को केंद्र की मंजूरी, किसानों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

मध्य प्रदेश के किसानों के लिए केंद्र सरकार से बड़ी राहत मिली है। सरसों की खरीदी के लिए भावांतर भुगतान योजना को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस उच्च स्तरीय चर्चा में ग्रामीण सड़कों सहित अनेक विषयों पर मध्यप्रदेश को बड़ी राहत देने वाले निर्णय लिये गये।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आग्रह पर केंद्र सरकार ने सरसों की खरीदी से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत भावांतर भुगतान योजना लागू की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इससे प्रदेश के सरसों उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें बेहतर कीमत मिल सकेगी।



**तुअर की 100 प्रतिशत सरकारी खरीद**-बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को तुअर (अरहर) की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद का स्वीकृति पत्र भी सौंपा। इस फैसले से मध्य प्रदेश के तुअर उत्पादक किसानों की पूरी उपज की सरकारी खरीद का रास्ता साफ हो गया है। इससे किसानों को बाजार में कम कीमत मिलने का खतरा नहीं रहेगा और उनकी आय में स्थिरता आएगी।

### ओबीसी क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# क्रीमी लेयर का फैसला माता-पिता की सैलरी या आय पर आधारित नहीं किया जा सकता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के नॉन-क्रीमी लेयर (एनसीएल) के निर्धारण में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। 11 मार्च को कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि क्रीमी लेयर का फैसला सिर्फ माता-पिता की सैलरी या आय पर आधारित नहीं किया जा सकता, बल्कि 1993 के मूल दिशानिर्देशों के अनुसार पद की स्थिति और अन्य फैक्टर्स को भी ध्यान में रखना होगा।*

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर माता-पिता सरकारी नौकरी में ग्रुप सी या ग्रुप डी (क्लास III या IV) में हैं, तो उनकी सैलरी को क्रीमी लेयर तय करने के लिए नहीं जोड़ा जाएगा। साथ ही कृषि से होने वाली आय को भी पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। क्रीमी लेयर तय करने के लिए केवल 'अन्य स्रोतों' (जैसे बिजनेस, प्रॉपर्टी, किराया आदि) से परिवार की कुल आय तीन लगातार वर्षों में औसतन 8 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम होनी चाहिए।*



*इस फैसले में कोर्ट ने 2004 के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के उस पत्र के पैरा 9 को अमान्य घोषित कर दिया है, जिसमें बैंक, प्राइवेट सेक्टर या पीएसयू कर्मचारियों की सैलरी को क्रीमी लेयर में शामिल करने की बात कही गई थी। कोर्ट ने इसे भेदभावपूर्ण बताया और कहा कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट/पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों के साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। जब तक पीएसयू या प्राइवेट पोस्ट की सरकारी ग्रुप थर्ड या फोर्थ के साथ समकक्षता तय नहीं हो जाती, तब तक केवल 1993 के मूल आदेश (ओएम) लागू रहेंगे।*

*यह फैसला उन हजारों ओबीसी उम्मीदवारों के लिए बड़ी राहत है, जिन्हें पहले सैलरी या अन्य गलत व्याख्या के कारण क्रीमी लेयर मानकर आरक्षण से वंचित रखा गया था। ऐसे लोग सरकारी नौकरी में हैं, लेकिन सही कैडर या पद में नहीं पहुंच पाए। कोर्ट ने फैसले को रेट्रोस्पेक्टिव (पिछली तारीख से) लागू करने का निर्देश दिया है।*

### जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर जम्मू में एक शादी समारोह के दौरान फायरिंग की घटना सामने आई। राहत की बात यह रही कि गोली उन्हें नहीं लगी और सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से एक बड़ी घटना टल गई। जानकारी के अनुसार, फारूक अब्दुल्ला एक कार्यकर्ता के परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी उनके साथ मौजूद थे। कार्यक्रम के बीच एक व्यक्ति अचानक पीछे से उनके करीब पहुंच गया और रिवॉल्वर तानकर फायर करने की कोशिश की।



भोपाल में चिकित्स के क्षेत्र में किडनी ट्रांसप्लांट में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

# बंसल अस्पताल में 500 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट

भोपाल ■ निसं

बंसल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपाल ने किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 500 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि अस्पताल की विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के विश्वास का परिणाम है। इन ट्रांसप्लांट्स में ABO इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांट (जब डोनर और रिसीवर का ब्लड ग्रुप मेल नहीं खाता), स्वैप ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट और कैडेवर ट्रांसप्लांट (ब्रेन डेड डोनर से) जैसी जटिल प्रक्रियाएं शामिल हैं।अस्पताल में अब तक 500+ किडनी ट्रांसप्लांट कर चुकी है इनमे मुख्य 70 से अधिक ABO इनकम्पैटिबल, 25 स्वैप, 20 कैडेवर और 7 पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

ट्रांसप्लांट टीम में प्रमुख रूप से नेफ्रोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी, डॉ. हर्षिता शर्मा, ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. संतोष अग्रवाल, डॉ. अमित कुमार झा, और डॉ. मानव गिडियन शामिल हैं। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. दीपा नवकार, डॉ. रितेश जैन, डॉ. लक्ष्मीकांत बनाबाकोडे और डॉ. अभिनव सराफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग से डॉ. कमलेश तलेसरा और डॉ. राहुल जैन एवं ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर रविंद्र और





अंकुर ने भी अहम भूमिका निभाई है।

डॉ. संतोष अग्रवाल ने बताया कि यहां सभी डोनर सर्जरी लेप्रोस्कोपिक तकनीक से की जाती हैं, जिससे रिकवरी तेजी से होती है और डोनर एक सप्ताह के भीतर घर जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए न केवल मध्यप्रदेश बल्कि आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज यहां पहुंच रहे हैं।

डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि किडनी फेलियर के मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट, डायलिसिस की तुलना में अधिक प्रभावी और दीर्घकालिक समाधान है। अब ब्लड इनकम्पैटिबल और स्वैप ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध होने से ब्लड ग्रुप की बाधा भी काफी हद तक समाप्त हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बंसल हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता दर वैश्विक मानकों के बराबर है।

डॉ. अमित कुमार झा ने कहा, 'यह उपलब्धि सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के जीवन में लौटी उम्मीद और नए जीवन का प्रतीक है।' डॉ. हर्षिता शर्मा ने बताया कि जटिल ट्रांसप्लांट मामलों में भी मरीजों की रिकवरी सामान्य ट्रांसप्लांट की तरह ही होती है और सफलता दर भी उतनी ही बेहतर रहती है।

अस्पताल के प्रबंध निदेशक सुनील बंसल ने कहा, 'यह उपलब्धि हमारी विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के विश्वास का परिणाम है। भविष्य में भी हम उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

**किडनी ट्रांसप्लांट की उपलब्ध सेवाएं**

- लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट: जीवित व्यक्ति से किडनी लेकर प्रत्यारोपण।
- ABO इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांट: जब डोनर और रिसीवर का ब्लड ग्रुप अलग हो, तब भी विशेष तकनीक से ट्रांसप्लांट संभव।
- स्वैप (किडनी एक्सचेंज) ट्रांसप्लांट: दो अलग-अलग परिवार एक-दूसरे के मरीजों को किडनी देकर मैचिंग की समस्या का समाधान करते हैं।
- कैडेवर ट्रांसप्लांट: ब्रेन डेड डोनर के अंगों का उपयोग करके किडनी प्रत्यारोपण।
- पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट: बच्चों के लिए विशेष किडनी प्रत्यारोपण।

## बाइकसवार बदमाश ने एक्टिवासवार महिला के गले से सोने की चेन झपटी

**भोपाल।** अवधपुरी इलाके में बाइकसवार बदमाश ने एक्टिवासवार महिला को अपना निशाना बनाते हुए उनके गले से सोने की चेन झपट ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 41 वर्षीय शारदा शर्मा रीगल होम्स अवधपुरी में रहती हैं। वे भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। बुधवार की दोपहर वे बाजार गई थीं। जहां से वह अपनी एक्टिवा से घर लौट रही थीं। बी-सेक्टर अवधपुरी से गुजरते समय बाइकसवार बदमाश पीछे से आया और उनके गले से सोने की चेन छीनकर भाग निकला। सोने की चेन की कीमत करीब 75 हजार रुपए बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में नाकेबंदी कर बदमाशों की धरपकड़ की कोशिश की लेकिन आरोपियों का पता नहीं चल सका। पुलिस बदमाशों की पहचान जुटाने के लिये घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## विधवा महिला से दुष्कर्म करने वाले स्कूली फ्रेंड की तलाश जारी

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने एक बच्चे की मां की शिकायत पर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले उसके स्कूल फ्रेंड के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। हालांकि अभी तक आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है, पुलिस का कहना है, कि आरोपी की धरपकड़ के लिये टीम जुटी है, और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जानकारी के अनुसार गांधी नगर इलाके में रहने वाली 22 साल की महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया की वह विवाहिता है। उसके पहले पति की मौत हो चुकी है। पहले पति से उसका तीन साल का बच्चा है। उसके परिवार वालो ने उसकी दूसरी शादी जहांगीराबाद क्षेत्र में कर दी थी। उसका बच्चा पुराने ससुराल में रहता है। आरोप है कि 2 मार्च सोमवार को वह बेटे से मिलने गांधी नगर गई थी।

वित्त विभाग में उलझा शिक्षकों का वेतनमान

# चतुर्थ क्रमोन्नत समयमान वेतनमान का 2 लाख शिक्षकों को इंतजार

भोपाल ■ निसं

चतुर्थ क्रमोन्नत समयमान वेतनमान का इंतजार कर रहे मप्र के करीब 2 लाख शिक्षकों की स्थिति आसमान से गिरे खजूर में अटके जैसी हो गई है। दरअसल, मौजूदा साल की शुरुआत में कैबिनेट ने चतुर्थ क्रमोन्नत समयमान वेतनमान मुद्दे पर अपनी हरी झंडी दे दी थी। कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद सामान्य प्रशासन ने अपना अनुमोदन कर दिया। लेकिन अब वित्त विभाग में यह फाइल उलझी हुई है। अब शिक्षकों को इंतजार है कि वित्त विभाग में उलझी फाइल कब सुलझेगी और उन्हें बड़ी सौगात मिलेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में पदोन्नतियों पर प्रतिबंध लगने के कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर विभाग में 35 साल की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान देने की घोषणा की थी। स्कूल शिक्षा विभाग में भी प्रक्रिया शुरू हुई। सीधी भर्ती के पदों पर तो यह लाभ दे दिया गया, लेकिन पदोन्नति पर पहुंचने वाले शिक्षक इससे वंचित रह गए थे। ऐसे करीब दो लाख शिक्षक हैं, जो इस लाभ की पात्रता रखते हैं। शिक्षकों के संघों ने इस मामले में लगातार प्रयास किया। इसके बाद पिछले साल सितंबर माह में शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने राज्यपाल की मौजूदगी में घोषणा की थी कि शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत समय मान वेतनमान दिया जाएगा। इस घोषणा के 3 महीने उपरांत मामला कैबिनेट में पहुंचा। मौजूदा साल की शुरुआत में सरकार की मंत्री परिषद ने इस मुद्दे पर अपनी हरी झंडी दी थी। कैबिनेट में प्रस्ताव पारित होने के बाद सामान्य प्रशासन ने अपना अनुमोदन कर दिया। अब वित्त विभाग में यह फाइल उलझी हुई है।

अब इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि आगे की क्या प्रक्रिया है, यह स्थिति सामान्य प्रशासन विभाग ही बता सकता है। इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव प्रमोद सिंह का कहना है कि शिक्षकों को मिलने वाले चतुर्थ क्रमोन्नत समयमान में क्या स्थिति है। इस मामले में वह अभी कुछ नहीं बता सकते हैं, क्योंकि यह आदेश जारी करने का विशेषाधिकार तो सामान्य प्रशासन विभाग का है। वहीं मप्र शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर का कहना है कि जब कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हो गया। हर पहलुओं का परीक्षण कर लिया गया तो आदेश जारी होना चाहिए। सामान्य प्रशासन से फाइल अनुमोदित होकर वित्त विभाग पहुंची है, लेकिन यहां अनुशंसा नहीं हो पाई है।

पांच सौ ऐसे शिक्षक है, जिनकी मौजूदा वर्ष में सेवानिवृत्ति है। इन टीचरों का कहना है कि समय से यह लाभ मिलना चाहिए।



### एक शिक्षक को मिलगा तीन से 5000 का मासिक लाभ

शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने के लिए राज्य सरकार ने 322 करोड का प्रावधान किया है। कारण भी है कि शिक्षकों की संख्या डेढ़ लाख से ऊपर है जिन्हें चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाना है। जानकारी है कि इस मामले की फाइल जीएडी से अनुमोदित होकर वित्त विभाग पहुंच चुकी है। यहीं पर मामला उलझा हुआ है। इस सुविधा में एक शिक्षक को तीन से लेकर 5000 का मासिक लाभ मिलना है। इस मामले में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ पत्राचार भी कर चुका है, लेकिन अभी तक अधिकारी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे कि आदेश जारी किए जाएं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मामला कैबिनेट में जाने के पूर्व पूरी गणना कर ली गई थी, इसके बाद आदेश में विलंब क्यों हो रहा है? वित्त में इसका जवाब अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। शिक्षकों की चिंता इस बात को लेकर है कि शिक्षकों का लगातार रिटायरमेंट हो रहा है।

## भोपाल मंडल में काव्य पाठ, निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



भोपाल ■ निसं

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल द्वारा 8 मार्च से 15 मार्च 2026 तक 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज दिनांक 12.03.2026 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मीटिंग कक्ष क्रमांक-02 में महिला रेल कर्मचारियों के लिए काव्य पाठ, निबंध लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। काव्य पाठ के माध्यम से प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता तथा जीवन मूल्यों पर आधारित अपनी भावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता का परिचय दिया।

यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका सफल नेतृत्व एवं संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी (इंजीनियरिंग) द्वारा किया गया। भोपाल मंडल द्वारा आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य महिला कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना तथा कार्यस्थल पर महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देना है।

## कमाली वाले हनुमान जी मंदिर में फाग उत्सव व भव्य भजन संध्या सम्पन्न



भोपाल ■ निसं

फाल्गुन माह के पावन अवसर पर कमाली वाले हनुमान जी महाराज मंदिर, घोड़ा नक्कास में फाग उत्सव एवं भक्तिमयी भजन संध्या हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में राधा मोहन दास,राधे महाराज, मनीष पंडित,अजय पंडित के मार्गदर्शन में सुमधुर फाग गीतों और भजनों के साथ श्रद्धालु अबीर-गुलाल के रंगों में सराबोर होकर प्रभु भक्ति में झूम उठे।

कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी महाराज की महा आरती की गई, मंदिर के सेवाधारी प्रबंधक चेतन पटेल ने इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने गुलाल लगाकर फूलों की होली तथा राधा-कृष्ण के मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा मंदिर परिसर भक्ति, उत्साह और फागुन के रंगों से सराबोर हो गया समाजसेवी भगवान दास ढालिया ने बताया शहर के प्राचीन ऐतिहासिक और श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र कमाली मंदिर पर प्रति मंगलवार और विशेष अवसरो पर महा आरती होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण और क्षेत्रीय नागरिक इस अवसर पर महाआरती में भाग लेते हैं। इस अवसर पर डा.धनीराम पवार,मुकेश शर्मा, भगवान दास ढालिया, बालमुकुंद,मनोज सोनी,तृप्ति अग्रवाल,नीतू विश्वकर्मा, कुसुम सिंह, शक्ति अग्रवाल, अनुज गौर, प्रमोद पटेल, राकेश गोगिया, संजय साहू,निहाल साहू, विनोद साहू आदि ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

सूखीसेवनिया रेलवे स्टेशन पर भोपाल रेल मंडल

# 11वीं बटालियन आरपीएसएफ/आरपीएफ एवं एनडीआरएफ भोपाल का संयुक्त दुर्घटना अभ्यास

भोपाल ■ निसं

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान ट्रेन से संबंधित दुर्घटनाओं जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जॉइंट फुल-स्केल एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार, 12 मार्च 2026 को सुखीसेवनिया रेलवे स्टेशन पर भोपाल रेल मंडल, 11वीं बटालियन आरपीएसएफ/आरपीएफ तथा एनडीआरएफ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में दुर्घटना राहत एवं बचाव का व्यापक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अभ्यास में मंडल रेल प्रबंधक भोपाल श्री पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आरपीएसएफ/आरपीएफ 11वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट श्री अनिल पाल के नेतृत्व में टीम ने



भाग लिया। इसके अतिरिक्त आरपीएसएफ भोपाल के कमांडेंट श्री कमलनाथ धुर्वे भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर से मुख्य चल शक्ति इंजीनियर श्री आर.एस. वीका तथा डीसीएस/मुख्य सुरक्षा अधिकारी (यांत्रिक) भी उपस्थित रहे।

अभ्यास के दौरान दुर्घटना की एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई, जिसमें तीन कोचों को शामिल करते हुए दुर्घटना का दृश्य बनाया गया। इनमें दो स्लीपर कोच तथा एक जनरल कोच को दुर्घटनाग्रस्त दर्शाया गया। कोचों में रेलवे सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों तथा सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को घायल एवं हताहत यात्रियों के रूप में शामिल किया गया।

दुर्घटना राहत एवं बचाव अभ्यास की शुरुआत प्रातः 11:34 बजे हुई, जब ड्यूटी पर तैनात लोको पायलट/गार्ड द्वारा स्टेशन प्रबंधक को दुर्घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल को अवगत कराया गया और तत्काल दुर्घटना राहत चिकित्सा यान को भोपाल से घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। साथ ही संबंधित रेलवे विभागों तथा जिला प्रशासन को भी सूचित किया गया।

सूचना प्राप्त होते ही सिविल प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, 108 एम्बुलेंस सेवा तथा स्थानीय अस्पतालों के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी घटनास्थल पर पहुंचे। राहत एवं बचाव दलों ने संयुक्त रूप से कार्य करते हुए दुर्घटनाग्रस्त कोचों से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने तथा उन्हें स्ट्रेचर की सहायता से एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल (पीपुल्स अस्पताल) पहुंचाने का अभ्यास किया।

## पार्टनर के खिलाफ फार्म हाउस में तोड़फोड़ कर लाखों का माल चोरी करने का मामला दर्ज

**भोपाल।** ईटखेड़ी पुलिस ने प्रापर्टी डीलिंग का काम करने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके पार्टनर के खिलाफ फार्म हाउस में तोड़फोड़ कर करीब 8 लाख रुपए का सामान चोरी करने का मामला दर्ज किया है। बताया गया है की किसी मामले में फरियादी को जेल भेज दिया गया था। इस बीच ही आरोपी पार्टनर ने फरियादी के फार्म हाउस को ढहा कर जमीन किसी और को बेच दी और फार्म हाउस का करीब 8 लाख रुपए का सामान चुरा ने लिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर के जॉच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुताबिक गैस राहत कॉलोनी निशातपुरा निवासी अयाज अहमद (50) और जिया उल हक दोनों पार्टनरी में प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थे। कुछ समय पहले अयाज अहमद ने जगदीशपुर में एक जमीन का सौदा कर उस पर फार्म हाउस बना लिया था। इस बीच किसी दूसरे थाना क्षेत्र के मामले में फरियादी को जेल जाना पड़ा। पिछले दिनों जेल से बाहर आने के बाद अयाज अहमद को पता चला कि उनके फार्म हाउस को जिला उल हक ने पूरी तरह से जमींदोज कर उसकी जमीन का सौदा कर दिया है। इसके बाद वह थाने पहुचें और मामला दर्ज कराया।

## सूना घर देख बदमाश चोरी करने घुस गए, लोगों ने घेराबंदी कर दबोच लिया

भोपाल ■ निसं

कोहेफिजा थाना इलाके में एक मकान को सूना देख कर चोरी करने के नियत लिए उसमें घुसना बदमाशो को मंहगा पड़ गया। चोरी का सामान बटोरकर आरोपी वहां से निकलने की फिराक में थे। लेकिन तभी मकान मालिक इंजीनियर वहां आ गया और बदमाशों को देखते ही उसने शोर मचाते हुए उनका पीछा करना शुरू कर दिया।

मोहल्ले के लोगों ने शोर की आवाजे सुनकर भाग रहे दोनो चोरो को घेराबंदी कर दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार सावन नगर में रहने वाले रवि कुमार गंगवानी साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। मंगलवार की रात वह अपनी पत्नी के साथ घर पर ताला लगाकर काम से चले गए। करीब आधा घंटे बाद वह घर लौटे। ताला खोलने के बाद भीतर पहुंचे तो अंदर का दरवाजा खुला मिला। चोरों की आहट होते ही उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनके शोर मचाने पर दो युवक के छत का दरवाजा खोलकर नीचे कूद गए। उन्होंने अपने भाई और उस रास्तें से जा रहे एक अन्य युवक के साथ मिलकर बदमाशों का पीछा किया और आरके होटल के पास दोनों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर दोनों लड़कों ने अपने नाम आमिर शेख और फरहान निवासी सीहोर बताए है। इसी बीच रवि ने फोन लगाकर पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। रवि ने जब दोनों लड़कों को दबोच लिया।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का शुभारंभ

# नवोन्मेष 2026 के अंतर्गत देश-विदेश के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने साझा किए एआई के नवीन आयाम

भोपाल ■ निसं

मध्य भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल में गुरुवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय सम्मेलन नवोन्मेष 2026 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधार्थी, एकेडमिशियन और उद्यमी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विविध आयामों पर विचार साझा कर रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में




आईसेक्ट समूह के चेयरमैन एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे तथा आरएनटीयू के कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु के प्रोफेसर डॉ. सुरेश सुंदरम तथा ए-स्टार्स इंस्टीट्यूट फॉर इंफोकॉम रिसर्च, सिंगापुर की प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. सविथा रामास्वामी ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. विजय सिंह और कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे।

अपने व्याख्यान में डॉ. सविथा रामास्वामी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के वर्तमान और भविष्य के उपयोगों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई एल्गोरिदम डेटा को उत्पन्न करने के साथ-साथ उसी डेटा का विश्लेषण कर सार्थक परिणाम भी प्रदान करते हैं। उन्होंने एआई को एक प्रभावी डिसीजन सपोर्ट टूल बताते हुए कहा कि यह मानव निर्णय-प्रक्रिया को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। डॉ. रामास्वामी ने कहा कि हेल्थकेयर क्षेत्र में एआई डायग्नोस्टिक एक्यूरेसी को बेहतर बना रहा है और ड्रग डिस्कवरी, पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट प्लान तथा क्लिनिकल डिसीजन मेकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस, क्वालिटी इंस्पेक्शन और ऑटोनोमस रोबोटिक्स के माध्यम से एआई उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाने में सहायक बन रहा है। उन्होंने परिवहन, ऊर्जा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में भी एआई की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एआई के विकास क्रम की जानकारी देते हुए बताया कि तकनीक रूल-बेस्ड एआई से आगे बढ़कर मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, फाउंडेशन मॉडल, जनरेटिव एआई और अब एजेंटिक एआई के दौर में प्रवेश कर चुकी है।

## सलकनपुर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

# वन क्षेत्र एवं दुर्घटना संभावित स्थानों पर रोकें श्रद्धालुओं की आवाजाही-कलेक्टर

- श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश
- मेला स्थल एवं मंदिर परिसर में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित
- वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र की करें जांच - कलेक्टर
- कलेक्टर-एसपी ने नर्मदा आवंलीघाट का किया निरीक्षण

सलकनपुर ■ निसं

चैत्र नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन होता है। आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्री पर सलकनपुर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टरबालागुरू के. तथा एसपीदीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार से की जाए कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो और सभी श्रद्धालु सुविधाजनक ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें।



बैठक में कलेक्टरबालागुरू के. ने पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली व्यवस्था के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन तथा निर्गमन की सुगम व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी के लिए फायर बिग्रेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा मेले के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए।

बैठक में एसपीशुक्ला ने सभी मुख्य स्थानों पर पर्याप्त पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि यातायात व्यवस्था किसी भी प्रकार से बाधित न हो। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अधिकारी-कर्मचारी किसी भी स्थान पर यातायात बाधित होने पर तुरंत यातायात को सुचारू बनाए। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में रोपवे का निरंतर संचालन होता रहे, ताकि अधिक से अधिक लोगों का आवागमन हो सके। बैठक के पश्चात कलेक्टर-एसपी ने सलकनपुर मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। बैठक में सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्षमहेश उपाध्याय, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएमदिनेश सिंह तोमर, एसडीओपीरवि शर्मा, नायब तहसीलदारसूरज अल्हपुरिया सहित समिति के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र की करें जांच

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान यातायात का बेहतर और सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। टैक्सी संचालन में फिटनेस प्रमाण पत्र की जांच की जाए और उन्ही वाहनो (टैक्सी) को श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु अनुमति प्रदान की जाये जिनके पास आरटीओ द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र हो। जिन वाहनों का उपयोग टैक्सी के रूप में किया जायेगा उन वाहनों की कंडीशन सही होनी चाहिए, तथा समिति द्वारा निर्धारित किराये से अधिक वसूल नही किया जाए। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री नहीं बैठाएं। ज्यादा पुरानी गाड़ियों का उपयोग नहीं करें एवं प्रशिक्षित वाहन चालक ही वाहन चलाएं, यह सुनिश्चित किया जाये।

**मंदिर परिसर एवं मेला स्थल पर घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग रहेगा प्रतिबंधित:** बैठक के दौरान मंदिर समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कलेक्टरबालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान मेला स्थल एवं मंदिर परिसर में होटलों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दुकान पर ज्वलनशील पदार्थ न रहे और घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस आदेश का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करने वालों के सिलेंडर जब्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही सभी दुकानों में फायर सेफ्टी के लिए छोटे अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप रखने के लिए निर्देशित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का किया आयोजन

**सिवनी मालवा।** एकलव्य संस्था एवं एकिडना के वित्तीय सहयोग से एकलव्य संस्था सिवनी मालवा द्वारा शासकीय स्कूल खकरापुरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व महिला दिवस क्यों मनाया जाता है, इस पर चर्चा की गई साथ में समाज में महिलाओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है इस पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत चेतना गीत 'दरिया की कसम, मौजों की कसम ये ताना बाना बदलेगा' से की गई। इसी क्रम में मितवा कहानी को सभी को सुनाया गया एवं उस पर चर्चा की गई। क्या मीना को स्कूल छोड़ना पड़ेगा ? शॉर्टफिल्म दिखाई गई जो कि बालिका शिक्षा पर आधारित है। इन सब पर चर्चा करते हुए बालिका शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण है, एवं हम सबको उनके विकास में मिलकर सहयोग करना चाहिए। अंत में सभी महिलाओं के साथ रचनात्मकता के लिए ओरिगामी से पेपर फोल्डिंग की गतिविधि की गई जिसमें उनके साथ मिलकर ओरिगेमी से तितली और मछली बनवाई गई। मीटिंग में शामिल महिलाएं ने अपनी भूमिका, अपने अधिकारों, रोजमर्रा की चुनौतियों और समाधान पर अपनी बात सहजता के साथ रखी। इस कार्यक्रम में खकरापुरा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता मेडम, शिक्षिका सीमा इवने और शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र की संचालिका राजंती और एकलव्य टीम मुस्कान सिंगोरिया, मुस्कान मालवीय, अनुष्का एवं प्रियेश दीवान टीम शामिल रही।

### नर्मदापुरम- धरमकुंडी ब्रिज पर भीषण सड़क हादसा, युवक की मौत

**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा नर्मदापुरम मार्ग पर स्थित धरमकुंडी ब्रिज के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की अकाल मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बानापुरा निवासी तरुण धुर्वे नर्मदापुरम की ओर से अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।



बताया जा रहा है कि तरुण अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक MP05 ML 4936) से बानापुरा जा रहे थे। धरमकुंडी ब्रिज पर स्थित खतरनाक गोलाई (मोड़) के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। रफ्तार अधिक होने के कारण युवक बाइक पर अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तरुण के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर जनपद पंचायत सदस्य शेर सिंह दरबार, विनोद यदुवंशी, सनम सरपंच, रंजीवन साध, सरपंच प्रतिनिधि रानू हनोतिया, सौरभ काकोडिया और कुलदीप विक्रम हनोतिया सहित कई ग्रामीण पहुँच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने तुरंत घायल की मदद करने का प्रयास किया, लेकिन तरुण ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

## नवरात्रि से पहले सलकनपुर मार्ग की बदहाली पर उठे सवाल, पदयात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता

# नंगे पैर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को नहीं है ध्यान

रेहटी ■ शरण तिवारी

चैत्र नवरात्रि वर्ष 2026 इस बार 19 मार्च (गुरुवार) से प्रारंभ होकर 27 मार्च (शुक्रवार) तक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व पर क्षेत्र सहित दूर-दराज़ से हजारों श्रद्धालु मां बिजासन धाम सलकनपुर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पैर, जयकारे लगाते हुए पदयात्रा कर मां के दरबार तक पहुंचते हैं।





नवरात्रि के दौरान सलकनपुर धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई देती हैं और 'जय माता दी' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। कई श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार सहित पैदल यात्रा करते हैं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी आस्था के साथ इस पदयात्रा में शामिल होते हैं। लेकिन इस वर्ष नवरात्रि से पहले ही सलकनपुर मार्ग की खराब स्थिति को लेकर विरोध और नाराजगी के स्वर उठने लगे हैं। धाम तक पहुंचने वाले कई स्थानों पर सड़क पर धूल-मिट्टी और गिट्टी फैली हुई है। कहीं-कहीं सड़क उबड़-खाबड़ है तो कई जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे नंगे पैर चलने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दोपहर के समय धूप में गरम हुई गिट्टी और धूल भरा रास्ता श्रद्धालुओं के लिए और अधिक कष्टदायक साबित होता है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मार्ग की समुचित मरम्मत और साफ-सफाई न होने से पदयात्रा के दौरान आस्था के साथ-साथ असुविधा भी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराना चाहिए, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

लोगों का कहना है कि मार्ग की खराब स्थिति केवल असुविधा ही नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढों और फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नवरात्रि के दौरान जब हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है, ऐसे में यदि मार्ग समतल और सुरक्षित न हो तो किसी अप्रिय घटना की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि नवरात्रि प्रारंभ होने से पूर्व सड़क का समतलीकरण, गड्ढों की भराई, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।

नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सक्रियता दिखाए तो हजारों श्रद्धालुओं की पदयात्रा सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित हो सकती है। आस्था और विश्वास के इस महापर्व पर मां बिजासन के दरबार तक पहुंचने वाले हर भक्त को बिना किसी परेशानी के दर्शन मिलें, यही क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की अपेक्षा है।





**भोपाल।** इस बार भोपाल में होगा 6वां अंतरराष्ट्रीय योगिनी कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड कार्यक्रम... डॉक्टर आर एच लता आज विद्या भारती एमपी नगर में योगिनी महासंघ की आज पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आर एच लता ने बताया श्यामला हिल स्थित खुशी लाल संस्थान में दो दिवसीय 14 15 मार्च को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एवं अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे इस कार्यक्रम में देश-विदेश के लोग शामिल होंगे।

## शिवपुर पुलिस की बड़ी सफलता

# चोरी के मामले में आरोपी मोनू पारधी गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद आरोपी गिरफ्तार





सिवनी मालवा ■ निसं

शिवपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले में बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की है। शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया की आरोपी मोनू पारधी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 3.28 लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम बनाकर आरोपी की तलाश की जा रही थी आखिर आरोपी पकड़ा गया

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अन्य चोरियां भी की हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।शिवपुर पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि आरोपी ने कई अन्य चोरियों में भी अपनी भूमिका स्वीकार की है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।आरोपी द्वारा मोटर सायकल एवं मोबाईल चोरी कर फरार था पुलिस ने बताया कि फरियादी शीशराम पिता गिरवर सिंह जाट उम्र 50 साल निवासी ग्राम बनाडा ने थाना हाजिर आकर जुवानी रिपोर्ट कर कहा था कि उक्त पते पर रहता हू किसानी करता हू दिनांक 30 दिसंबर सुबह करीब 08 बजे की बात है की मेरे भाई मेघश्याम के खेत मे पानी देने वाला मजदूर अभय यदुवंशी पिता राम सिंह यदुवंशी उम्र 30 साल निवासी बनाडा ने मुझे फोन पर बताया की 29 दिसंबर को शाम करीब 06 बजे खेत मे से काम करके कमरा मैं और सटर को ताला लगाकर घर चला गया था दिनांक 30 दिसंबर को सुबह 08 बजे खेत मे आकर देखा तो गोडाउन की सटर खुली हुई थी मक्का बिखरी हुई थी कमरे का ताला टूटा हुआ था कोई अज्ञात व्यक्ति दरमियानी रात खेत मे बने मकान के कमरे का ताला तोडकर उसमे रखा सटर का हेंडल निकाल कर गोडाउन की सटर को किसी चीज से उचाका करके रखी इनवर्टर मशीन माइक्रो टेक कंपनी व इनवर्टर की एक बैटरी टयूबलर कंपनी की कीमती करीब 27000 व अनाज मक्का करीब 25 कवींटल जो सफेद रंग की बोरीयो मे भरी थी बोरियों पर पहचान के लिए लाल पेंट से स लिखा था अनाज कीमती करीबन37500-हजार कुल मशरुका 64500 रुपए करीब का चोरी करके ले गया है मै बाहर गया हुआ था खेत पर जाकर देखा बाद थाना रिपोर्ट करने आया हू रिपोर्ट करता हू कार्यवाही की जावे।

## महिला दिवस पर अनूठा आयोजन

# पुष्पवर्षा से स्वागत, चरण पूजन कर महिलाओं को पहनाई कंठी माला

खरगोन ■ निसं

सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुधवार को महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।आयोजन की खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम में महिलाओं को सर्वोच्च सम्मान देते हुए समाज के पुरुष जमीन पर बैठे, जबकि महिलाओं को कुर्सियों पर बैठाया गया। इतना ही नहीं,सहभोज में भी पहले महिलाओं को भोजन कराया गया और उसके बाद पुरुषों ने भोजन किया। इस अनूठी पहल ने महिला सम्मान का प्रेरक संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ समाज की महिलाओं के कंकू-चावल से चरण पूजन किए गए और उन्हें कंठी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वस्तिवाचन के साथ पुष्प वर्षा कर महिलाओं का स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण सम्मान और श्रद्धा से भर उठा।मुख्य अतिथि महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा ठक्कर ने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की शक्ति होती हैं।



उनका सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की संस्कृति का हिस्सा होना चाहिए।विशेष अतिथि श्रीमती पुष्पा ठक्कर ने कहा कि महिला दिवस पर इस प्रकार का आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देता है।93 वर्षीय वरिष्ठ महिला श्रीमती सीताबाई ठक्कर ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज की एकता और संस्कार ही उसकी असली पहचान हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वृहद समाज अध्यक्ष सुभाष ठक्कर ने कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए उनका सम्मान और सशक्तिकरण हम सभी की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर समाज के गोविंद ठक्कर,रूपेश ठक्कर,राजेश ठक्कर,नवीन जोशी, विजय आर ठक्कर,अजय ठक्कर, योगेश ठक्कर,श्रीमती स्वाति ठक्कर और श्रुति ठक्कर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से सचिव जयंत ठक्कर और युवा इकाई अध्यक्ष नीरज ठक्कर ने किया। आभार उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठक्कर,अनिल ठक्कर और राजेंद्र ठक्कर ने माना। इस दौरान राजेंद्र व्यास,अजय व्यास,कैलाश जोशी,महेश जोशी,संजय ठक्कर,अमित ठक्कर,विशाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

### 17 मार्च को आयोजित होगी विराट ईनामी घेराबाजी गम्मत प्रतियोगिता

**सिवनी मालवा।** होली एवं फाग माह पर प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली विराट ईनामी घेराबाजी गम्मत प्रतियोगिता 17 मार्च को राठौर धर्मशाला मैदान पर की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजक शिव राठौर ने बताया कि सनातन संस्कृति में फाग माह रंगों का महापर्व होली का विशेष महत्व हे संस्कृति का पोषण करना हमारा संकल्प है इसी के निमित्त आज स्थानीय कार्यालय पर आयोजन समिति पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें 17 मार्च को होने वाले कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद के संरक्षण में जागृत हिंदू संस्कृति रक्षक मंच द्वारा प्रतिवर्ष होने वाली विराट ईनामी घेराबाजी गम्मत प्रतियोगिता दिनांक 17 ।3 ।2026 को दिन मंगलवार रात्रि 7 बजे से स्थानीय सिद्धिविनायक गणेश मंदिर राठौर धर्मशाला मैदान पर आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रदेश की नामी घेरा मंडल होंगे शामिल।

## मूंग सिंचाई को लेकर तवा नहर संभाग में जल उपयोगिता समिति की बैठक

### किसानों ने 27 मार्च से नहर में पानी छोड़ने की रखी मांग



सिवनी मालवा ■ निसं

सिवनी मालवा स्थित तवा नहर संभाग कार्यालय में सोमवार को संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी ग्रीष्मकालीन फसल मूंग की सिंचाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

**सिंचाई क्षेत्र की दी गई जानकारी:** बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों को मूंग सिंचाई के लिए प्रस्तावित एलान क्षेत्र की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों की समस्याओं और सुझावों पर भी चर्चा की गई, ताकि सिंचाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। बैठक में किसान प्रतिनिधियों ने मांग की कि मूंग की फसल की सिंचाई के लिए नहरों में 27 मार्च से पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि समय पर बुवाई और सिंचाई हो सके।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह करेंगे 'राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026' का उद्घाटन

# कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने 22 मार्च को होगा आयोजन

बुधनी ■ निसं

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि मशिनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), ट्रैक्टर नगर, बुधनी (मध्य प्रदेश) में 22 से 24 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो 2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के करकमलों द्वारा 22 मार्च 2026 को किया जाएगा।

कृषि यंत्रीकरण, आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों तथा उन्नत खेती प्रणालियों के प्रसार के उद्देश्य से इस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय कृषि मशिनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुधनी के नेतृत्व में भारती मीडिया एंड इवेंट्स प्रा. लि. के सहयोग से किया जा रहा है।



इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में देश-विदेश की प्रमुख ट्रैक्टर निर्माण कंपनियां, कृषि यंत्र निर्माता, स्टार्टअप्स, सरकारी संस्थान, कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि मशीनरी, ड्रोन तकनीक, माइक्रो-इरिगेशन, उन्नत बीज, ग्रीनहाउस तकनीक, जैविक खेती से संबंधित उपकरणों तथा अन्य आधुनिक कृषि समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस एक्सपो में लगभग 200 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की संभावना है। इनमें लगभग 20 प्रमुख ट्रैक्टर निर्माता कंपनियां, 25 कृषि मशीनरी निर्माता कंपनियां, विभिन्न राज्य सरकारों के विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएं, स्टार्टअप्स तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से 10,000 से अधिक किसानों के शामिल होने की संभावना है, जिससे उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों और कृषि यंत्रीकरण की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होगी। एक्सपो के दौरान आधुनिक कृषि यंत्रों का लाइव प्रदर्शन, कृषि ड्रोन का प्रदर्शन, तकनीकी सत्र, विचार-विमर्श बैठकें तथा किसानों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कृषि क्षेत्र में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 15 से 20 संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) भी किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिसमें संस्थान में प्रशिक्षित महिला उद्यमियों को अपनी सफलता की कहानियां साझा करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संस्थान की रिवैम्पिंग योजना (Phase-II) की शुरुआत, नई अवसंरचनाओं का उद्घाटन तथा एकीकृत कृषि प्रणाली (Integrated Farming System) परियोजना की आधारशिला भी रखी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में कहा है कि ऐसे आयोजन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक खेती पद्धतियों से जोड़ने का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं और देश में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### द हंड्रेड लीग में भारत की ऋचा घोष सबसे महंगी खिलाड़ी बनी

**लंदन।** यहां हुई द हंड्रेड की नीलामी में महिला क्रिकेटर ऋचा घोष सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। ऋचा को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने पाउंड 50,000 (लगभग 61 लाख रुपये) में खरीदा है। ऋचा अब भारतीय स्टार ओपनर स्मृति मंधाना के साथ खेलती नजर आएंगी। वहीं मंधाना को पहले ही 90,000 पाउंड (करीब 1.1 करोड़ रुपये) में टीम से जोड़ लिय गया था। भारत की ही दीप्ति शर्मा को सबसे पहले नीलामी में आधारमूल्य पर ही सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस 27,500 पाउंड (लगभग 34 लाख रुपये) में खरीदा। वहीं भारत की ही शैफाली वर्मा और राधा यादव को किसी टीम ने शामिल नहीं किया। वहीं भारत की ही जेमिमा रोड्रिग्स को भी मंधाना की तरह पहले ही शामिल कर लिया गया था।

### जोकोविच को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचें ड्रेपर

**इंडियन वेल्स।** अमेरिका के जैक ड्रेपर ने यहां खेले जा रहे बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए पांच बार के चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हरा दिया। ड्रेपर ने पहला सेट हारने के बाद अच्छी वापसी करते हुए चौथे दौर में जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाइनल में ड्रेपर का सामना रुस के दानिल मेदवेदेव से होगा। इससे पहले मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से हराया। ड्रेपर के खिलाफ मुकाबले के तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे पर इसके बाद ड्रेपर ने जबरदस्त वापसी करते हुए मैच टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया।

### हार्दिक को पीठ पर तिरंगा बांधकर जश्न मनाना भारी पड़ा

**पुणे।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के बाद अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा के साथ जश्न मानना भारी पड़ है। हार्दिक जश्न के दौरान पीठ पर तिरंगा झंडा बांधे हुए थे और महिका के साथ अलग-अलग अंदाज में पोज दे रहे थे। इसी को लेकर एक वकील ने वाजिद खान ने पंड्या के खिलाफ राष्ट्रध्वज की गरिमा को ठेस पहुंचाने की शिकायल दर्ज करायी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम की जीत के बाद सभी खिलाड़ी खुशी मना रहे थे।

## विवेक भदोरिया बने नर्मदापुरम संभाग के टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष

# नियुक्ति की खबर से खिलाड़ियो में खुशी की लहर, सोशल मीडिया पर मिल रही बधाइयां- खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच



**नर्मदापुरम ■ निसं**

जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं खेल प्रेमी विवेक भदोरिया को मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत नर्मदापुरम संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर जैसे ही नर्मदापुरम शहर में पहुँची, उनके साथियों, खेल प्रेमियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

विवेक भदोरिया लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जिले के सबसे बड़े डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 'फ्रेंड्स कप' का आयोजन भी उनके द्वारा किया जाता है, जो नर्मदापुरम में खेल प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय है। इसके अलावा वे फ्रेंड्स चैंपियन ट्रॉफी सहित अन्य क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उनकी इस नियुक्ति को नर्मदापुरम संभाग में टेनिस क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खेल प्रेमियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में टेनिस क्रिकेट को नई दिशा और नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर और मंच प्राप्त होगा।

विवेक भदोरिया के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और खेल के प्रति समर्पण से निश्चित ही क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मार्ग मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलने और नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

खिलाड़ियों एवं शुभचिंतकों ने ईश्वर से कामना की है कि विवेक भदोरिया इसी तरह समाजसेवा और खेल जगत में निरंतर नई उपलब्धियाँ हासिल करते हुए नर्मदापुरम संभाग और जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करें।



जर्मनी में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए बेयर लीवरकुशन और आर्सेनल के खिलाड़ी।

## द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा

# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। वहीं, पूर्व भारतीय खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा।

एजेंसी के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई का एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा। इस दौरान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर बीसीसीआई के तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।



गिल पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोरर: साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया: द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता। द्रविड़ ने साल 2012 में क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद इंडिया अंडर-19 टीम की कमान भी संभाली और शुभमन गिल व पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों वाली टीम को साल 2018 में खिताब दिलाया। इस दौरान उन्होंने इंडिया ए टीम के साथ मिलकर भी काम किया।

23 साल का रहा मिताली का इंटरनेशनल करियर मिताली राज का इंटरनेशनल करीब 23 साल का रहा। उन्होंने 1999 में 16 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया।

# आईपीएल में शामिल होने विदेशी खिलाड़ियों के लिए आसान नहीं रहेगा भारत पहुंचना

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम तो घोषित कर दिया है पर उसके लिए टूर्नामेंट का आयोजन काफी कठिन हो सकता है। इसका कारण ये है कि मध्यपूर्व में जारी युद्ध के कारण कई देशों के खिलाड़ियों के लिए आईपीएल टीमों से जुड़ना कठिन हो जाएगा। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमले का असर अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पर पड़ा है जिससे दोहा और दुबई एयरपोर्ट से कई उड़ानें बाधित हुई हैं। इसी कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम के कुछ खिलाड़ी टी20 विश्व कप के बाद भी भारत में फंसे रहे थे। ऐसे में अब आईपीएल की सभी टीमों में शामिल इन देशों के खिलाड़ियों के लिए भारत आना आसान नहीं होगा।

बोर्ड के एक अधिकारी ने भी माना है कि उन्हें समय पर वापस भारत लाना



मुश्किल काम होगा। साथ ही कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से हवाई किराए काफी बढ़ गए हैं। पहला मैच जहां आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद। वहीं दूसरा मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में होगा बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बेंगलुरु में पांच और रायपुर में दो घरेलू मैच खेलेगी। पंजाब किंग्स की टीम न्यू चंडीगढ़ में चार और धर्मशाला में तीन घरेलू मैच खेलेगी जबकि राजस्थान रॉयल्स गुवाहाटी में तीन और जयपुर में चार घरेलू मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा, इस दौरान (पहले 16 दिन) टूर्नामेंट में चार ही डबल-हेडर होंगे।

## व्यापार समाचार

## सेंसेक्स 829, निफ्टी 228 अंक गिरा, शेयर बाजार गिरावट पर बंद

# निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कामजोर संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 829 अंक टूटकर 76,034 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 228 अंक फिसलकर 23,639 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट का एक कारण ब्रेंट क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने के कारण भी आया है। इससे भी निवेशकों में घबराहट का माहौल है। आज बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर पिछले सत्र के लगभग 450 लाख करोड़ रुपये से घटकर 440 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इससे निवेशकों के एक ही सत्र में 10 लाख करोड़ रुपये डूब गये।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी की कंपनियों में से सबसे ज़्यादा बढ़त कोल इंडिया के शेयरों में रही। इसमें 5.23 फीसदी की बढ़त रही जबकि एनटीपीसी में 2.81 फीसदी की बढ़त जबकि पावर ग्रिड में 1.61 फीसदी की बढ़त आई। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.47 फीसदी जबकि अडानी एंटरप्राइजेज में 1.39 फीसदी की बढ़त आई।



वहीं निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज़्यादा गिरावट महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में रही। इसमें 4.33 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा क्वालिटी वॉल्स में 3.95 फीसदी जबकि आयशर मोटर्स में 3.92 फीसदी की गिरावट रही। मारुति सुजुकी में 3.61 फीसदी और बजाज फाइनेंस में 3.42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी।

सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो, ऑटो इंडेक्स 3 फीसदी से अधिक, एफएमसीजी में 1.7 फीसदी और प्राइवेट बैंक में 1.6 फीसदी गिरावट रही जबकि पावर और एनर्जी सेक्टर में 2.5फीसदी और 2फीसदी की बढ़त रही। ऑयल × गैस, मेटल और कैपिटल गुड्स में मामूली 0.5फीसदी की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.4फीसदी गिरा और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.7फीसदी नीचे आया।

वहीं आज सुबह भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स सुबह 76,369 अंकों के स्तर पर खुला पर खुलते ही इसमें गिरावट बढ़ने लगी। इसी तरह ?निफ्टी 50 भी 23,674.85 अंकों पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह तेजी से नीचे फिसलकर 23,600 अंकों के स्तर से भी नीचे 274.35 अंक की गिरावट के साथ 23,592.50 अंकों पर कारोबार करता हुआ देखा गया। आज बाजार में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एशियाई कारोबार के दौरान लगभग 8 फीसदी बढ़कर 100.18 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। तेल की कीमतों में तेजी से महंगाई बढ़ने और कंपनियों की लागत में वृद्धि की आशंका बढ़ जाती है, जिससे निवेशकों में सतर्कता देखी जाती है।

## दफ्तर छोड़ फील्ड में उतरे 20 हजार कर्मचारी; सीईओ शर्मा बोले

# ग्राहकों का अनुभव सुधारना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने आज कस्टमर डे 2026 मनाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन के भीतर ग्राहक सेवा की संस्कृति को और मजबूत करना और जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान करना रहा। इस विशेष पहल के तहत एयरटेल के लगभग 20 हजार कर्मचारियों ने अपने वातानुकूलित कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में जाकर मोर्चा संभाला।



इन कर्मचारियों में कंपनी की लीडरशिप टीम से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने फ्रंटलाइन टीमों और फील्ड इंजीनियरों के साथ मिलकर काम किया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने ग्राहकों के घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर जाकर सीधे उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया। इस पहल का मूल उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को बिना किसी फिल्टर के सीधे समझना है, ताकि सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार किया जा सके।

एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने इस अवसर पर कहा, 'कस्टमर डे हमें याद दिलाता है कि ग्राहकों की बात ध्यान से सुनना और खुद को लगातार बेहतर बनाना ही हमारी असली जिम्मेदारी है। यह अभियान सेवाओं को सरल बनाने और प्रतिदिन करोड़ों ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं के स्तर को ऊंचा उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।'

गौरतलब है कि एयरटेल की कस्टमर फर्स्ट नीति के कारण ही हाल के वर्षों में स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा जैसे कई नवाचार संभव हुए हैं। कंपनी अब एआई सक्षम उपकरणों और डिजिटल प्रक्रियाओं को और सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एयरटेल के अनुसार, ग्राहकों के अनुभव में सुधार कोई एक दिन की घटना नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। कंपनी का लक्ष्य एक ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करना है जहाँ कस्टमर ऑब्सेशन सिर्फ एक नारा न रहकर हर निर्णय का आधार बने।

### एलपीजी संकट, चूल्हे बुझे, लकड़ी-कोयले की मांग बढ़ी

**लखनऊ।** नवाबों के शहर लखनऊ में एलपीजी (गैस) सिलेंडर की किल्लत ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। शहर में गैस न मिलने के कारण घरों के चूल्हे बुझ गए हैं और लोग अब लकड़ी व कोयले पर खाना बनाने को मजबूर हैं। स्ट्रीट फूड वेंडर्स, ढाबा मालिक और टिफिन सेवाएं भी गैस की कमी से प्रभावित हैं। बाजार में लकड़ी और कोयले की मांग में 50-60 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले दो दिनों में लगभग 450 नई मिट्टी की भट्टियों की मांग दर्ज की गई है। शहर के बड़े रेस्टोरेंट्स ने अपने मेन्यू को आधा कर दिया है, केवल चुनिंदा व्यंजन ही बन पा रहे हैं। शादी-शादी में रोजाना 1200-1500 कार्यक्रमों के लिए कैटरर्स को लकड़ी की आग पर खाना पकाना पड़ रहा है। इससे न केवल समय बढ़ा है बल्कि लागत भी अधिक हुई है।

### ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर के पार, ईरानी हमलों से हुआ महंगा

**बैंकॉक।** अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत बृहस्पतिवार तड़के 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। कुछ दिन पहले यह लगभग 120 डॉलर तक पहुंच चुकी थी, जिससे वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास वाणिज्यिक पोतों पर ईरानी हमलों के कारण आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमत में नौ प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। अमेरिका के मानक कच्चे तेल का दाम भी लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति में व्यवधान का असर सीधे तेल की कीमतों पर पड़ रहा है।

## पश्चिम एशिया तनाव का असर

# डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, टूटकर 92.35 तक गिरा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर 92.36 के रिकॉर्ड इंट्रा-डे निचले स्तर पर पहुंच गया। डॉलर की मजबूती, घरेलू शेयर बाजार की गिरावट और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली से रुपये पर दबाव बढ़ा।



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच गुरुवार को भारतीय रुपये पर भारी दबाव देखने को मिला। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 92.36 पर पहुंच गया। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.25 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान लगातार गिरते हुए 92.36 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 35 पैसे की गिरावट है और अब तक का रिकॉर्ड निचला इंट्रा-डे स्तर है।

भारी बिकवाली ने रुपये को कमजोर किया: विदेशी मुद्रा व्यापारियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने रुपये पर दबाव बढ़ाया है। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार में कमजोर सेंटीमेंट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली ने भी रुपये को और कमजोर किया।

क्या रहा पिछले दिनों का रिकॉर्ड निचला स्तर?: रुपये ने 9 मार्च को डॉलर के मुकाबले अपना पिछला रिकॉर्ड इंट्राडे लो 92.35 देखा था। बुधवार को यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 92.01 पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

नोमुरा के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 7% की दर से बढ़ सकती है। हालांकि लंबे समय तक तनाव रहने पर ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है। दिग्गज जापानी निवेश बैंक नोमुरा ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की अर्थव्यवस्था करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। हालांकि बैंक ने चेतावनी दी है कि क्षेत्रीय संघर्ष भारत के तथाकथित गोल्डीलॉक्स आर्थिक दौर के लिए एक बड़ी परीक्षा साबित हो सकता है।

जंग का आर्थिक प्रहार: कच्चे तेल में आग, बाजार धड़ाम व सोना-चांदी में उथल-पुथल; पांच सवालों में समझें पूरा संकट



ऊर्जा की कीमतों और आपूर्ति पर बढ़ सकता है दबाव: नोमुरा की भारत और एशिया (जापान को छोड़कर) की मुख्य अर्थशास्त्री सोनल वर्मा और अर्थशास्त्री ऑरोदीप नंदी की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

जीडीपी ग्रोथ को लेकर क्या है अनुमान?: रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2027 के लिए चालू खाता घाटा के अनुमान को 0.4 प्रतिशत बढ़ाकर जीडीपी के 1.6 प्रतिशत तक किया गया है।

वहीं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही जीडीपी वृद्धि अनुमान में मामूली कटौती करते हुए इसे 7.1 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया गया है।

भू-राजनीतिक तनाव का क्या पड़ रहा असर?: नोमुरा के अनुसार, 2026 की पहली तिमाही के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि भारत में निजी उपभोग और औद्योगिक गतिविधियों में गति बनी हुई है। हालांकि निर्यात और सरकारी खर्च अपेक्षाकृत कमजोर रहने की संभावना है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर प्राकृतिक गैस की कमी, घरेलू उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है। इसके बावजूद रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले किए गए नीतिगत कदमों में ढील, संरचनात्मक सुधार, वेतन वृद्धि और अमेरिका के साथ व्यापार तनाव में कमी जैसे कारक भारत में चक्रीय आर्थिक सुधार को समर्थन दे सकते हैं।

### एसबीआई और एमयूएफजी बैंक ने वित्तीय साझेदारी पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और जापान का एमयूएफजी बैंक ने रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह समझौता मुख्य रूप से विलय और अधिग्रहण (एमएंडए), विमानन और रियल एस्टेट फाइनेंस क्षेत्रों पर केंद्रित है। दोनों बैंक भारतीय मिड-कॉर्पोरेट्स और एमएसएमई को जापानी कॉर्पोरेट नेटवर्क से जोड़ने में सहयोग करेंगे। एसबीआई ने बताया कि नए आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत उसकी ऋण देने की अधिकतम सीमा लगभग 94,000 करोड़ रुपए है। साझेदारी के तहत दोनों बैंक एमएंडए एडवाइजरी, ट्रेड फाइनेंस और रिटेल बैंकिंग सॉल्यूशंस पर सहयोग करेंगे। इसके अलावा, जापानी कॉर्पोरेट-आधारित संभावित आयात-निर्यात लेन-देन की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

# लोगों को प्रेरित कर सकते हैं तो बने मोटिवेशनल स्पीकर



देश भर में अवसाद के बढ़ते मामलों को देखते हुए मोटिवेशनल स्पीकर के क्षेत्र में भी आप कैरियर बना सकते हैं। आजकल 22 से 25 साल के उम्र के लोग भी अवसाद के शिकार हो जाते है। जिस तरह अवसाद तेजी से बढ़ रहा है, उसी के साथ मोटिवेशनल स्पीकर की मांग भी बाजार में बढ़ती जा रही है। अगर आप अपनी बातों से लोगों को प्रेरित कर सकते हैं तो आप आपमें मोटिवेशनल स्पीकर बनने की क्षमता है।

मोटिवेशनल स्पीकर्स कुछ भी शुरू करने से पहले लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। इसके बाद ही वे उन्हें प्रेरित करने की शुरुआत करते हैं।

इसके लिए आपको अच्छे-खासे होमवर्क की जरूरत पड़ती है।

प्रेरित करते हुए महान लोगों की बातों के उदाहरण के साथ प्रस्तुतीकरण से कही हुई बात को समझाना पड़ता है।

ये एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आप लोगों से बात करके अच्छी कमाई कर सकते हैं। यह एक संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण करियर है।

इस क्षेत्र में आपकी सफलता या असफलता उन दर्शकों पर निर्भर करती है, जिसे आप प्रेरित कर रहे हैं। यदि आप लोगों में बातों से जोश भर देते हैं तो यकीन मानें आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

इस क्षेत्र के लिए विषय का विस्तृत ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इसके लिए फिलॉस्फी से लेकर लिटरेचर तक हर तरह की किताबें पढ़नी चाहिए। ताजा मामलों से भी अपने को अपडेट रखना चाहिए।

## कोर्सेज

कुछ प्रबंधन स्कूलों में स्पीकिंग पावर पर काम करवाया जाता है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि आप मोटिवेशनल स्पीकर बनने के लिए मैनेजमेंट कोर्स ही करें। इस करियर की जरूरत को ध्यान में रखते हुए मजबूत इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच बनाएं रखें।

## कमाई

मोटिवेशनल स्पीकर की आमदनी कम से कम 40-50 हजार से शुरू होकर लाखों में होती है। यदि किसी स्पीकर की कोई किताब नाम कमा लेती है अथवा वह अपने दम पर कोई बड़ा काम कर जाता है तो इसकी मांग और बढ़ जाती है।

## अवसर

आजकल बहुत सी कंपनियां, एजेंसियां, एनजीओ, मैनेजमेंट सहित अन्य दूसरे स्कूल-कॉलेज मोटिवेशनल स्पीकर को नियुक्त करने लगे हैं। इसके अलावा कुछ खास कार्यक्रमों में भी मोटिवेशनल स्पीकर्स को आंमत्रित किया जाता है।

**प्रमुख संस्थान**
**फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट**
**बी-18, कुतुब इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली**

# एआई के ये कोर्स कर संवारें करियर



इन कोर्स की फीस 500 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक हो सकती है। इनमें से कुछ कोर्स फ्री होते हैं, लेकिन सर्टिफिकेट लेने के लिए कंपनियां फीस लेती हैं। गूगल समेत कई कंपनियों की तरफ से कई तरह के एआई कोर्स जारी किए गए हैं।

यह कोर्स ऑनलाइन और पूरी तरह फ्री हैं। करियर में आगे बढ़ने के लिए यह कोर्स आपकी मदद कर सकते हैं। हालांकि यह कोर्स अंग्रेजी में होते हैं और आपको थोड़ी-बहुत कंप्यूटर की जानकारी होनी चाहिए। बाकि इन कोर्स को करने के लिए किसी खास तरह की योग्यता की आवश्यकता नहीं है।

ऐसे में आप यह कोर्स को अपनी रेज्यूमे में जोड़कर अच्छी नौकरी की तलाश पूरी कर सकते हैं। लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स : इस कोर्स को करने के बाद आप भी चैट जपीटी जैसा प्लैटफॉर्म बना सकते है। इस कोर्स में आपको यह सिखाया जाता है कि किस तरह से चैट जपीटी जैसे प्लेटफॉर्म पर इमेज और कंटेंट क्रिएट किये जाते हैं। आप इस कोर्स को करने के बाद किसी भी टॉपिक पर आर्टिकल बना सकते हैं।

यह किसी भी कंटेंट को दूसरी भाषा में ट्रांसफर कर सकते हैं। मिनटों में लंबे असाइनमेंट या प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं। लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स कोर्स में यह भी बताया व सिखाया जाता है कि आप किस तरह प्रॉम्प्ट ट्यूनिंग की सहायता से आउटपुट पर नियंत्र पा सकते हैं।

**इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है। इमेज जनरेटर :** इमेज जनरेटर का कोर्स कर आप आई की सहायता से कैसा भी कोई भी फोटो बना सकते हैं। इस कोर्स में आप यह भी सीख सकते हैं कि कम रिजॉल्यूशन वाली फोटो को हाई रिजॉल्यूशन में कैसे बदलें। इस कोर्स को करने के बाद आप किसी का चेहरा भी डिजाइन कर सकते हैं और लैंडस्केप इमेज भी तैयार कर सकती हैं। इस कोर्स में टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के आधार पर इमेज, स्केच और कार्टून आदि बनाने की ट्रेनिंग दी भी जाती है। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है। इसके अलावा कई बड़ी अवधि के भी कोर्स हैं।

# अच्छी नौकरी के लिए अपनायें ये टिप्स



हर किसी युवा का सपना होता है कि उसे जल्दी से जल्दी नौकरी मिल जाए। खास करके अगर उनकी उम्र 20-25 साल हो। कुछ छात्र कॉलेज से निकलने के बाद भी संशय में होते हैं कि उन्हें क्या करना है। अगर आप जल्दी नौकरी करना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

प्रोफाइल बनाएं: सबसे पहले बारी आती है मजबूत प्रोफाइल की और अच्छे प्लेटफॉर्म की।

अपने रिज्यूमे को अपडेट करें: अगर आप बेहतरीन नौकरी चाहते हैं तो अपने रिज्यूमे को लगातार अपडेट करना न भूलें। पुराना रिज्यूम किसी भी कंपनी को न भेजें।

इंटर्नशिप करें: आपके लिए जितनी जल्दी संभव हो, इंटर्नशिप शुरू कर दें। सारे स्टूडेंट्स जानते हैं कि नौकरी पाने के लिए इंटर्नशिप करना कितना जरूरी है लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। आप चाहें तो कॉलेज की छुट्टियों में इंटर्नशिप कर सकते हैं। हो सकता है कि यह आपको अच्छी जॉब ही दिला दें।

मेंटर जरूर खोजें: हमारे जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए हमें एक मेंटर की जरूरत होती है। एक ऐसा मेंटर जो आपको अच्छी तरह जानता हो और आप उसे बेहतर जानते हों। ज्यादातर भारतीय स्टूडेंट्स अपने माता-पिता को ही अपना मेंटर मानते हैं यह एक अच्छी बात है। मगर परिवार से हट कर भी आपका एक मेंटर होना चाहिए जो आपको कुछ करने के लिए उत्साहित करे। खासकर के आप जिस फील्ड में जाना चाहते हैं, उससे जुड़ा हुआ एक मेंटर जरूर खोजें।

प्रोफेशनल डेवलपमेंट ग्रुप ज्वॉइन करें: अपने कॉलेज के दिनों से ही प्रोफेशनल ग्रुप को ज्वॉइन करना शुरू कर दें। इसके लिए आप अपने कॉलेज के एल्यूमनाई से भी जुड़ सकते हैं। ऐसा करने से आपको पेशेवरों के बारे में जानकारी मिलेगी। यहीं से आप नेटवर्किंग भी शुरू कर सकते हैं। हो सकता है कि इन्हीं ग्रुप्स में से कोई आपको जॉब ऑफर कर दें।

अपडेट रहें: अगर आप नौकरी चाहते हैं और जिस फील्ड में नौकरी चाहते हैं उसके लेकर अपडेट रहें, देखें- मार्केट में उस नौकरी की कितनी डिमांड कहां और कब है।

# आईडीबीआई बैंक में जूनियर असिस्टेंट मैनेजर के लिए करें आवेदन

बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक शानदार मौका सामने आया है। इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (आईडीबीआई बैंक) लिमिटेड ने जूनियर असिस्टेंट मैनेजर के कुल 1100 पदों पर वैकेंसी निकाली है।आईडीबीआई बैंक की ओर से जारी जूनियर असिस्टेंट मैनेजर पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया 8 मार्च से शुरू हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के बाद तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं। आईडीबीआई बैंक ने जोन के अनुसार जूनियर असिस्टेंट मैनेजर के जिन 1100 पदों पर भर्ती निकाली है, उनमें अहमदाबाद, चंढीगढ़ और चेन्नई के लिए 70-70; बेंगलुरु के 75, भोपाल, कोच्चि और पुणे में 55-55, भुवनेश्वर और नागपुर के 50-50, दिल्ली और मुंबई के 130-130, गुवाहाटी के 35, हैदराबाद के 65; कोलकाता के 60, लखनऊ के 85 और पटना के लिए 45 पद शामिल हैं।




योग्यता : आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से संबंधित पद अनुसार ग्रेजुएशन की डिग्री कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ और निर्धारित अन्य योग्यता का होना आवश्यक है।

आयु सीमा : अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 20 साल और अधिकतम आयु 25 साल निर्धारित की गई है, जिसकी गणना 1 मार्च के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्ग से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

फीस : आवेदन फॉर्म भरते समय कैंडिडेट्स को अपने वर्ग अनुसार निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड में करना होगा, जो जनरल/ओबीसी/ईडब्लूएस उम्मीदवारों के लिए 1050 रुपए और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के कैंडिडेट्स के लिए 250 रुपए फीस निर्धारित की गई है।

चयन प्रक्रिया : आईडीबीआई बैंक की ओर से जारी पद के लिए सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करने वालों में से योग्य कैंडिडेट का चयन ऑनलाइन टेस्ट (ओटी), डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (डीवी), पर्सनल इंटरव्यू (पीआई) और प्री रिक्रूटमेंट मेडिकल टेस्ट (पीआरएसटी) के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन 12 अप्रैल को सुबह की शिफ्ट में होने की संभावना है।

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी सबसे पहले आईडीबीआई बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होमपेज पर जाने के बाद जारी पद से संबंधित आवेदन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियों को दर्ज करें। मांगे गए सभी डॉक्यूमेंट्स, फोटो और हस्ताक्षर को सही साइज और फॉन्ट में अपलोड करें। निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करें। इसके बाद फॉर्म चेक कर सबमिट कर दें। लास्ट में एप्लीकेशन फॉर्म का

# दुनिया भर की सैर के साथ पैसा कमाना है तो मर्चेंट नेवी में करियर बनायें

**अगर आल दुनिया भर की सैर करना चाहते हैं तो आप मर्चेंट नेवी में करियर बना सकते हैं। इसके लिए इंजीनियरिंग, मशीनरी, सिस्टम, नेविगेशन जैसी तकनीकों में विशेष रुचि होनी चाहिए। दरअसल दुनियाभर में शिपिंग कंपनियां तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इसी को देखते हुए भारत सरकार ने साल 2047 तक मैरीटाइम इंडस्ट्री में लगभग डेढ़ करोड़ से ज्यादा रोजगार विकसित होने की संभावना जतायी है।**



## क्या है मर्चेंट नेवी

मर्चेंट नेवी एक शिपिंग सर्विस है, जिसमें समुद्र मार्गों के जरिये सामान लाने एवं ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## योग्यता

अगर आप मर्चेंट नेवी में शामिल होना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स विषय में न्यूनतम 60 फीसदी अंक और अंग्रेजी में न्यूनतम 50 फीसदी अंक प्राप्त करने होंगे।

## इन कोर्स को करना अनिवार्य

मर्चेंट नेवी में अलग-अलग विभागों में नौकरी के लिए छात्रों को विभाग से संबंधित कोर्स करना होता है। जैसे अगर आप डेक विभाग में नौकरी करना चाहते हैं, तो आपको बीएससी इन नॉटिकल साइंस कोर्स करना अनिवार्य है। वही अगर आप इंजन विभाग में नौकरी करना चाहते हैं, तो आपके लिए इंजीनिरिंग करना अनिवार्य है। यहां अलग-अलग विभागों से संबंधित कोर्स के नाम बताए गए है। आप अपनी रुचि के अनुसार किसी भी कोर्स में दाखिला ले सकते हैं।

## इतनी मिलेगी सैलरी

अगर आप कम उम्र में सबसे ज्यादा सैलरी पर काम करना चाहते हैं, तो मर्चेंट नेवी एक शानदार क्षेत्र है। इस क्षेत्र में शुरुआती स्तर पर हर महीने 30 से 35 हजार तक कमा सकते हैं। इसके साथ ही जो छात्र चार कोर्स के बाद इसमें शामिल होते हैं, वे 45 से 90 हजार के करीब सैलरी ले सकते हैं। हालांकि अनुभव के साथ ही आप एक लाख से अधिक भी पैसै कमा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### द हंड्रेड लीग में भारत की ऋचा घोष सबसे महंगी खिलाड़ी बनी

**लंदन।** यहां हुई द हंड्रेड की नीलामी में महिला क्रिकेटर ऋचा घोष सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। ऋचा को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने पाउंड 50,000 (लगभग 61 लाख रुपये) में खरीदा है। ऋचा अब भारतीय स्टार ओपनर स्मृति मंधाना के साथ खेलती नजर आएंगी। वहीं मंधाना को पहले ही 90,000 पाउंड (करीब 1.1 करोड़ रुपये) में टीम से जोड़ लिय गया था। भारत की ही दीप्ति शर्मा को सबसे पहले नीलामी में आधारमूल्य पर ही सनराइजर्स लीड्स ने उनके बेस प्राइस 27,500 पाउंड (लगभग 34 लाख रुपये) में खरीदा। वहीं भारत की ही शैफाली वर्मा और राधा यादव को किसी टीम ने शामिल नहीं किया। वहीं भारत की ही जेमिमा रोड्रिग्स को भी मंधाना की तरह पहले ही शामिल कर लिया गया था।

### जोकोविच को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचें ड्रेपर

**इंडियन वेल्स।** अमेरिका के जैक ड्रेपर ने यहां खेले जा रहे बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए पांच बार के चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हरा दिया। ड्रेपर ने पहला सेट हारने के बाद अच्छी वापसी करते हुए चौथे दौर में जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाइनल में ड्रेपर का सामना रुस के दानिल मेदवेदेव से होगा। इससे पहले मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से हराया। ड्रेपर के खिलाफ मुकाबले के तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे पर इसके बाद ड्रेपर ने जबरदस्त वापसी करते हुए मैच टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया।

### हार्दिक को पीठ पर तिरंगा बांधकर जश्न मनाना भारी पड़ा

**पुणे।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के बाद अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा के साथ जश्न मानना भारी पड़ है। हार्दिक जश्न के दौरान पीठ पर तिरंगा झंडा बांधे हुए थे और महिका के साथ अलग-अलग अंदाज में पोज दे रहे थे। इसी को लेकर एक वकील ने वाजिद खान ने पंड्या के खिलाफ राष्ट्रध्वज की गरिमा को ठेस पहुंचाने की शिकायल दर्ज करायी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम की जीत के बाद सभी खिलाड़ी खुशी मना रहे थे।

## विवेक भदोरिया बने नर्मदापुरम संभाग के टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष

# नियुक्ति की खबर से खिलाड़ियो में खुशी की लहर, सोशल मीडिया पर मिल रही बधाइयां- खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच




**नर्मदापुरम ■ निसं**

जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं खेल प्रेमी विवेक भदोरिया को मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत नर्मदापुरम संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर जैसे ही नर्मदापुरम शहर में पहुँची, उनके साथियों, खेल प्रेमियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

विवेक भदोरिया लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जिले के सबसे बड़े डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 'फ्रेंड्स कप' का आयोजन भी उनके द्वारा किया जाता है, जो नर्मदापुरम में खेल प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय है। इसके अलावा वे फ्रेंड्स चैंपियन ट्रॉफी सहित अन्य क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उनकी इस नियुक्ति को नर्मदापुरम संभाग में टेनिस क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खेल प्रेमियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में टेनिस क्रिकेट को नई दिशा और नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर और मंच प्राप्त होगा।

विवेक भदोरिया के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और खेल के प्रति समर्पण से निश्चित ही क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मार्ग मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलने और नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

खिलाड़ियों एवं शुभचिंतकों ने ईश्वर से कामना की है कि विवेक भदोरिया इसी तरह समाजसेवा और खेल जगत में निरंतर नई उपलब्धियाँ हासिल करते हुए नर्मदापुरम संभाग और जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करें।



जर्मनी में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए बेयर लीवरकुशन और आर्सेनल के खिलाड़ी।

## द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा


# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। वहीं, पूर्व भारतीय खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा।

एजेंसी के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई का एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा। इस दौरान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर बीसीसीआई के तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।



गिल पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोररः साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनायाः द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता। द्रविड़ ने साल 2012 में क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद इंडिया अंडर-19 टीम की कमान भी संभाली और शुभमन गिल व पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों वाली टीम को साल 2018 में खिताब दिलाया। इस दौरान उन्होंने इंडिया ए टीम के साथ मिलकर भी काम किया।

23 साल का रहा मिताली का इंटरनेशनल करियर मिताली राज का इंटरनेशनल करीब 23 साल का रहा। उन्होंने 1999 में 16 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया।

# आईपीएल में शामिल होने विदेशी खिलाड़ियों के लिए आसान नहीं रहेगा भारत पहुंचना

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम तो घोषित कर दिया है पर उसके लिए टूर्नामेंट का आयोजन काफी कठिन हो सकता है। इसका कारण ये है कि मध्यपूर्व में जारी युद्ध के कारण कई देशों के खिलाड़ियों के लिए आईपीएल टीमों से जुड़ना कठिन हो जाएगा। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमले का असर अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पर पड़ा है जिससे दोहा और दुबई एयरपोर्ट से कई उड़ानें बाधित हुई हैं। इसी कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम के कुछ खिलाड़ी टी20 विश्व कप के बाद भी भारत में फंसे रहे थे। ऐसे में अब आईपीएल की सभी टीमों में शामिल इन देशों के खिलाड़ियों के लिए भारत आना आसान नहीं होगा।

बोर्ड के एक अधिकारी ने भी माना है कि उन्हें समय पर वापस भारत लाना मुश्किल काम होगा। साथ ही कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से हवाई किराए काफी बढ़ गए हैं। पहला मैच जहां आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद। वहीं दूसरा मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में होगा बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बेंगलुरु में पांच और रायपुर में दो घरेलू मैच खेलेगी। पंजाब किंग्स की टीम न्यू चंडीगढ़ में चार और धर्मशाला में तीन घरेलू मैच खेलेगी जबकि राजस्थान रॉयल्स गुवाहाटी में तीन और जयपुर में चार घरेलू मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा, इस दौरान (पहले 16 दिन) टूर्नामेंट में चार ही डबल-हेडर होंगे।



## व्यापार समाचार

## सेंसेक्स 829, निफ्टी 228 अंक गिरा, शेयर बाजार गिरावट पर बंद

# निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कामजोर संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 829 अंक टूटकर 76,034 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 228 अंक फिसलकर 23,639 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट का एक कारण ब्रेंट क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने के कारण भी आया है। इससे भी निवेशकों में घबराहट का माहौल है। आज बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर पिछले सत्र के लगभग 450 लाख करोड़ रुपये से घटकर 440 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इससे निवेशकों के एक ही सत्र में 10 लाख करोड़ रुपये डूब गये।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी की कंपनियों में से सबसे ज़्यादा बढ़त कोल इंडिया के शेयरों में रही। इसमें 5.23 फीसदी की बढ़त रही जबकि एनटीपीसी में 2.81 फीसदी की बढ़त जबकि पावर ग्रिड में 1.61 फीसदी की बढ़त आई। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.47 फीसदी जबकि अडानी एंटरप्राइजेज में 1.39 फीसदी की बढ़त आई।



वहीं निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज़्यादा गिरावट महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में रही। इसमें 4.33 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा क्वालिटी वॉल्स में 3.95 फीसदी जबकि आयशर मोटर्स में 3.92 फीसदी की गिरावट रही। मारुति सुजुकी में 3.61 फीसदी और बजाज फाइनेंस में 3.42 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी।

सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो, ऑटो इंडेक्स 3 फीसदी से अधिक, एफएमसीजी में 1.7 फीसदी और प्राइवेट बैंक में 1.6 फीसदी गिरावट रही जबकि पावर और एनर्जी सेक्टर में 2.5फीसदी और 2फीसदी की बढ़त रही। ऑयल × गैस, मेटल और कैपिटल गुड्स में मामूली 0.5फीसदी की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.4फीसदी गिरा और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.7फीसदी नीचे आया।

वहीं आज सुबह भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स सुबह 76,369 अंकों के स्तर पर खुला पर खुलते ही इसमें गिरावट बढ़ने लगी। इसी तरह ?निफ्टी 50 भी 23,674.85 अंकों पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह तेजी से नीचे फिसलकर 23,600 अंकों के स्तर से भी नीचे 274.35 अंक की गिरावट के साथ 23,592.50 अंकों पर कारोबार करता हुआ देखा गया। आज बाजार में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एशियाई कारोबार के दौरान लगभग 8 फीसदी बढ़कर 100.18 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। तेल की कीमतों में तेजी से महंगाई बढ़ने और कंपनियों की लागत में वृद्धि की आशंका बढ़ जाती है, जिससे निवेशकों में सतर्कता देखी जाती है।

## दफ्तर छोड़ फील्ड में उतरे 20 हजार कर्मचारी; सीईओ शर्मा बोले

# ग्राहकों का अनुभव सुधारना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने आज कस्टमर डे 2026 मनाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन के भीतर ग्राहक सेवा की संस्कृति को और मजबूत करना और जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान करना रहा। इस विशेष पहल के तहत एयरटेल के लगभग 20 हजार कर्मचारियों ने अपने वातानुकूलित कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में जाकर मोर्चा संभाला।



इन कर्मचारियों में कंपनी की लीडरशिप टीम से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने फ्रंटलाइन टीमों और फील्ड इंजीनियरों के साथ मिलकर काम किया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने ग्राहकों के घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर जाकर सीधे उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया। इस पहल का मूल उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को बिना किसी फिल्टर के सीधे समझना है, ताकि सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार किया जा सके।

एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने इस अवसर पर कहा, 'कस्टमर डे हमें याद दिलाता है कि ग्राहकों की बात ध्यान से सुनना और खुद को लगातार बेहतर बनाना ही हमारी असली जिम्मेदारी है। यह अभियान सेवाओं को सरल बनाने और प्रतिदिन करोड़ों ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं के स्तर को ऊंचा उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।'

गौरतलब है कि एयरटेल की कस्टमर फर्स्ट नीति के कारण ही हाल के वर्षों में स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा जैसे कई नवाचार संभव हुए हैं। कंपनी अब एआई सक्षम उपकरणों और डिजिटल प्रक्रियाओं को और सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एयरटेल के अनुसार, ग्राहकों के अनुभव में सुधार कोई एक दिन की घटना नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। कंपनी का लक्ष्य एक ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करना है जहाँ कस्टमर ऑब्सेशन सिर्फ एक नारा न रहकर हर निर्णय का आधार बने।

### एलपीजी संकट, चूल्हे बुझे, लकड़ी-कोयले की मांग बढ़ी

**लखनऊ।** नवाबों के शहर लखनऊ में एलपीजी (गैस) सिलेंडर की किल्लत ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। शहर में गैस न मिलने के कारण घरों के चूल्हे बुझ गए हैं और लोग अब लकड़ी व कोयले पर खाना बनाने को मजबूर हैं। स्ट्रीट फूड वेंडर्स, ढाबा मालिक और टिफिन सेवाएं भी गैस की कमी से प्रभावित हैं। बाजार में लकड़ी और कोयले की मांग में 50-60 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले दो दिनों में लगभग 450 नई मिट्टी की भट्टियों की मांग दर्ज की गई है। शहर के बड़े रेस्टोरेंट्स ने अपने मेन्यू को आधा कर दिया है, केवल चुनिंदा व्यंजन ही बन पा रहे हैं। शादी-शादी में रोजाना 1200-1500 कार्यक्रमों के लिए कैटरर्स को लकड़ी की आग पर खाना पकाना पड़ रहा है। इससे न केवल समय बढ़ा है बल्कि लागत भी अधिक हुई है।

### ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर के पार, ईरानी हमलों से हुआ महंगा

**बैंकॉक।** अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत बृहस्पतिवार तड़के 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। कुछ दिन पहले यह लगभग 120 डॉलर तक पहुंच चुकी थी, जिससे वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास वाणिज्यिक पोतों पर ईरानी हमलों के कारण आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमत में नौ प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। अमेरिका के मानक कच्चे तेल का दाम भी लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति में व्यवधान का असर सीधे तेल की कीमतों पर पड़ रहा है।

## पश्चिम एशिया तनाव का असर

# डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, टूटकर 92.36 तक गिरा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर 92.36 के रिकॉर्ड इंट्रा-डे निचले स्तर पर पहुंच गया। डॉलर की मजबूती, घरेलू शेयर बाजार की गिरावट और विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली से रुपये पर दबाव बढ़ा।



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच गुरुवार को भारतीय रुपये पर भारी दबाव देखने को मिला। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 92.36 पर पहुंच गया। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.25 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान लगातार गिरते हुए 92.36 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 35 पैसे की गिरावट है और अब तक का रिकॉर्ड निचला इंट्रा-डे स्तर है।

भारी बिकवाली ने रुपये को कमजोर कियाः विदेशी मुद्रा व्यापारियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने रुपये पर दबाव बढ़ाया है। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार में कमजोर सेंटीमेंट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली ने भी रुपये को और कमजोर किया।

क्या रहा पिछले दिनों का रिकॉर्ड निचला स्तर?: रुपये ने 9 मार्च को डॉलर के मुकाबले अपना पिछला रिकॉर्ड इंट्राडे लो 92.35 देखा था। बुधवार को यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 92.01 पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

नोमुरा के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 7% की दर से बढ़ सकती है। हालांकि लंबे समय तक तनाव रहने पर ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है। दिग्गज जापानी निवेश बैंक नोमुरा ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की अर्थव्यवस्था करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। हालांकि बैंक ने चेतावनी दी है कि क्षेत्रीय संघर्ष भारत के तथाकथित गोल्डीलॉक्स आर्थिक दौर के लिए एक बड़ी परीक्षा साबित हो सकता है।



जंग का आर्थिक प्रहारः कच्चे तेल में आग, बाजार धड़ाम व सोना-चांदी में उथल-पुथल; पांच सवालों में समझें पूरा संकट

ऊर्जा की कीमतों और आपूर्ति पर बढ़ सकता है दबावः नोमुरा की भारत और एशिया (जापान को छोड़कर) की मुख्य अर्थशास्त्री सोनल वर्मा और अर्थशास्त्री ऑरोदीप नंदी की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

जीडीपी ग्रोथ को लेकर क्या है अनुमान?: रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2027 के लिए चालू खाता घाटा के अनुमान को 0.4 प्रतिशत बढ़ाकर जीडीपी के 1.6 प्रतिशत तक किया गया है।

वहीं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही जीडीपी वृद्धि अनुमान में मामूली कटौती करते हुए इसे 7.1 प्रतिशत से घटाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया गया है।

भू-राजनीतिक तनाव का क्या पड़ रहा असर?: नोमुरा के अनुसार, 2026 की पहली तिमाही के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि भारत में निजी उपभोग और औद्योगिक गतिविधियों में गति बनी हुई है। हालांकि निर्यात और सरकारी खर्च अपेक्षाकृत कमजोर रहने की संभावना है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर प्राकृतिक गैस की कमी, घरेलू उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों को प्रभावित कर सकती है। इसके बावजूद रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले किए गए नीतिगत कदमों में ढील, संरचनात्मक सुधार, वेतन वृद्धि और अमेरिका के साथ व्यापार तनाव में कमी जैसे कारक भारत में चक्रीय आर्थिक सुधार को समर्थन दे सकते हैं।

### एसबीआई और एमयूएफजी बैंक ने वित्तीय साझेदारी पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और जापान का एमयूएफजी बैंक ने रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह समझौता मुख्य रूप से विलय और अधिग्रहण (एमएंडए), विमानन और रियल एस्टेट फाइनेंस क्षेत्रों पर केंद्रित है। दोनों बैंक भारतीय मिड-कॉर्पोरेट्स और एमएसएमई को जापानी कॉर्पोरेट नेटवर्क से जोड़ने में सहयोग करेंगे। एसबीआई ने बताया कि नए आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत उसकी ऋण देने की अधिकतम सीमा लगभग 94,000 करोड़ रुपए है। साझेदारी के तहत दोनों बैंक एमएंडए एडवाइजरी, ट्रेड फाइनेंस और रिटेल बैंकिंग सॉल्यूशंस पर सहयोग करेंगे। इसके अलावा, जापानी कॉर्पोरेट-आधारित संभावित आयात-निर्यात लेन-देन की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कुवैत के अल-उदैरी बेस पर ईरान का हमला, 100 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**तेहरान/कुवैत सिटी।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के 13वें दिन ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि कुवैत स्थित अल-उदैरी एयर बेस पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले में 100 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। यह हमला 'ट्रू प्रॉमिस 4' ऑपरेशन की 38वीं लहर का हिस्सा था, जिसका कोडनेम 'या हैदर अल-कर्रार' रखा गया था। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी और टीवी100 ने बताया कि ईरान के खतम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम ज़ोल्फ़ागरी ने बयान में कहा कि उनकी नेवी ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली अभियान चलाया। इसके तहत अल-उदैरी हेलीकॉप्टर बेस पर एक साथ दो भारी मिसाइल हमले किए गए, जिनके बाद बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। सभी घायल सैनिकों को कुवैत के अल-जबर और अल-मुबारक अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बयान में यह भी दावा किया गया कि बहरीन के मीना सलमान पोर्ट स्थित अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट सैन्य मुख्यालय पर ईरान ने मिसाइल व ड्रोन से हमला किया गया। इसमें उनके कई महत्वपूर्ण सिस्टम और सैन्य सुविधाओं को नुकसान पहुंचने की बात कही गई है। आईआरजीसी ने दावा किया कि पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, इक्विपमेंट वेयरहाउस और अमेरिकी सैनिकों के रहने वाले बैरकों को भी नुकसान पहुंचा है। साथ ही कुवैत में मौजूद मुहम्मद अल-अहमद और 'अली अल-सलेम' नेवल बेस भी इस हमले से प्रभावित हुए हैं।

### हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 150 रॉकेट, ईरान ने एकीकृत अभियान में मिसाइल दागीं

**तेल अवीव।** ईरान समर्थित लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने बुधवार देरशाम इजराइल में कम से कम 150 रॉकेट दागे। इस दौरान ईरान ने भी एकीकृत अभियान (इंटीग्रेटेड ऑपरेशन) में मिसाइल दागी। 28 फरवरी से शुरू इस जंग में हिजबुल्लाह के इस हमले को सबसे बड़ा बताया जा रहा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की रिपोर्ट में बताया गया है कि इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर लड़ाकू विमानों से बमबारी की है। एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष गंभीर तनाव की ओर बढ़ रहे हैं। हिजबुल्लाह ने कई घंटों तक हमला जारी रखा। हमले में रॉकेट के अलावा ड्रोन का भी प्रयोग किया गया। इस दौरान लाखों इजराइली घरों को छोड़कर आश्रय स्थलों पर पहुंच गए। इजराइल के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि हिजबुल्लाह ने यह हमला ईरान के समर्थन में शुरू किया है।


### व्यापारिक जहाजों पर हमले में 4 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की है। व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने के चलते 4 भारतीय अपनी जान गंवा बैठे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतर मंत्रालयीय पत्रकार वार्ता में गुरुवार को बताया कि वर्तमान में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तीन भारतीयों की मौत हुई है और एक भारतीय लापता है। मरने वाले भारतीय हमले का शिकार बने व्यापारिक जहाजों पर कार्यरत थे। उन्होंने कहा, 'यही कारण है कि भारत व्यापारिक जहाजों पर किसी भी तरह के हमले की कड़ी निंदा करता है।' प्रवक्ता ने बताया कि अब तक हमने तीन भारतीय नागरिकों को खो दिया है और चौथा भारतीय नागरिक लापता है। हाल ही में एक भारतीय की मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाले जहाज सेफसी विष्णु पर हुई है। यह घटना इराक के पास घटी है। मंत्रालय उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में अब तक 24 से अधिक भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

### एनएचएआई ने किया तमिलनाडु में गंगैकोंडा चोलपुरम बाईपास निर्माण का अनुबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने तमिलनाडु में एनएच-81 के कल्लगम से मीनसुरुट्टी खंड पर गंगैकोंडा चोलपुरम बाईपास के निर्माण के लिए अनुबंध जारी किया है। सात किलोमीटर लंबे इस दो लेन वाले ग्रीनफील्ड बाईपास का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले 11 मार्च को किया था। एनएचएआई ने बताया कि इस परियोजना में 3.47 किलोमीटर लंबी सेवा सड़कें, दो लघु पुल, दो वीयूपी, तीन एलवीयूपी और आठ बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण शामिल है। बाईपास बनने से गंगैकोंडा चोलपुरम स्थित 1000 वर्ष पुराने बृहदीश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

## वीओ चिदंबरनार बना डिजिटल प्रतिरूप मंच लागू करने वाला देश का पहला बंदरगाह



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु का वीओ चिदंबरनार बंदरगाह देश का पहला ऐसा बंदरगाह बन गया है जिसने डिजिटल ट्विन प्लेटफॉर्म लागू किया है। इससे बंदरगाह की अधोसंरचना, परिचालन संपत्तियों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की वास्तविक समय की वर्चुअल प्रतिकृति (सटीक रूपरेखा) तैयार होगी, जिससे परिचालन दक्षता बढ़ेगी, जहाजों के वापसी के समय में कमी आएगी और ऊर्जा उपयोग का अनुकूलन कर कार्बन उत्सर्जन घटाया जा सकेगा। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह पहल बंदरगाह प्रबंधन को स्मार्ट, कुशल और तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्घाटन 23 फरवरी को मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया था।

## सुप्रीम कोर्ट में क्षेत्रीय बेंचों की हो स्थापना: पी विल्सन

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राज्यसभा में गुरुवार को शून्यकाल में न्यायिक सुधारों का मुद्दा उठाते हुए द्रविण मुनेत्र कड़गम के सदस्य पी विल्सन ने सुप्रीम कोर्ट में क्षेत्रीय बेंचों की स्थापना की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को आसानी से न्याय मिलेगा और न्याय व्यवस्था अधिक सुलभ बनेगी।



सांसद ने न्यायपालिका में सामाजिक प्रतिनिधित्व की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में उच्च न्यायालयों में नियुक्त 593 न्यायाधीशों में से 473 यानी करीब 80 प्रतिशत अग्रणी समुदायों से हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल केवल एक महिला न्यायाधीश, दो धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों से और एक न्यायाधीश अनुसूचित जाति से हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति से कोई भी न्यायाधीश नहीं है।

न्यायपालिका में व्यापक सामाजिक प्रतिनिधित्व जरूरी है, ताकि यह देश के समाज की विविधता को सही रूप में प्रतिबिंबित कर सके।

इसके अलावा उन्होंने न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कम संख्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देश में जज-जनसंख्या अनुपात काफी कम है और उच्च न्यायालयों में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या भी पर्याप्त नहीं है।

सांसद ने मांग की कि गंभीर आरोपों और ठोस सबूतों का सामना कर रहे न्यायाधीशों को निलंबित करने के लिए एक कानूनी तंत्र बनाया जाए, ताकि न्यायपालिका में जनता का विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महाभियोग की प्रक्रिया लंबी और बेहद जटिल है।

### कर्मचारियों को मिले 13 दिन का सवैतनिक शोक अवकाश

राज्यसभा सांसद डा दिनेश शर्मा ने माता-पिता को खोने वाले सरकारी एवं निजी क्षेत्र के सनातनी कर्मचारियों के लिए 13 दिन के अनिवार्य सवैतनिक शोक अवकाश की मांग की । गुरुवार को शून्यकाल के दौरान डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सनातन परम्परा की रक्षा के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है। इस अवकाश को आकस्मिक अवकाश और अर्जित अवकाश से अलग रखा जाए जिससे कि कोई भी भारतीय अपनी आजीविका और धर्म पालन के बीच में किसी एक का चुनाव करने को विवश नहीं हो।

## अध्यक्ष ने एप्सटीन और जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठाने पर राहुल को रोका

# लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल गांधी को दी सदन की गरिमा बनाए रखने की नसीहत

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

लोकसभा में एलपीजी सिलेंडर संकट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की गरिमा बनाए रखने और नियमों का पालन करने की नसीहत दी। राहुल गांधी ने इस विषय पर बोलने के लिए नोटिस दिया था और अध्यक्ष ने उन्हें अनुमति भी दी थी। उन्होंने पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा सुरक्षा पर बोलना शुरू किया, लेकिन बीच में एप्सटीन और जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठाने पर अध्यक्ष ने उन्हें रोक दिया।

बिरला ने कहा कि राहुल गांधी ने गैस संकट और ऊर्जा सुरक्षा पर बोलने का नोटिस दिया था और अनुमति भी उसी विषय पर दी गई थी। यदि उन्हें किसी अन्य मुद्दे पर बोलना था तो पहले से नोटिस देना चाहिए था। विपक्ष का जिम्मेदार नेता होने के बावजूद बिना नोटिस के दूसरे मुद्दों पर चर्चा करना संसद की प्रक्रिया और नियमों के अनुरूप नहीं है। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि संसद नियमों और प्रक्रियाओं के हिसाब से चलेगी और सभी को इसका पालन करना होगा। सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करना अनिवार्य है। संसद इस तरह से नहीं चलेगी, बल्कि नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी।

राहुल ने कहा कि अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच जंग छिड़ी हुई है और इसके गंभीर परिणाम होंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल आता है, बंद हो गया है और इसका असर भारत पर गंभीर रूप से पड़ेगा क्योंकि हमारे तेल और प्राकृतिक गैस का बड़ा हिस्सा वहीं से आता है। यह अभी शुरू हुआ है, रेस्तरां बंद हो रहे हैं, एलपीजी को लेकर भारी अफरा-तफरी है और सड़क किनारे छोटे विक्रेताओं पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है और यह हल्की बात नहीं है। यह हैरान करने वाली बात है कि भारत जैसा बड़ा देश किसी दूसरे देश को यह तय करने दे कि हम किससे तेल खरीदें और किससे गैस। यह पहेली समझौते से जुड़ी है और उन्होंने इसे सुलझा लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के तेल मंत्री मिस्टर एप्सटीन के दोस्त हैं और उनके पास दस्तावेज हैं जिनसे पता चलता है कि उनकी बेटी को जॉर्ज सोरोस से पैसे मिले हैं। अध्यक्ष ने इस पर उन्हें रोकते हुए कहा कि यह विषय उनके नोटिस में नहीं था और उन्हें केवल ऊर्जा सुरक्षा पर बोलने की अनुमति दी गई थी। संसद की कार्यवाही नियमों और प्रक्रियाओं से चलती है और सभी सदस्यों को इसका पालन करना चाहिए।



### देश में ईंधन की कोई कमी नहीं, लंबे संघर्ष की स्थिति में भी नहीं होगी दिक्कत: पुरी



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। भारत के पास इस समय पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार मौजूद है। उन्होंने सदन को बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत अपने ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बना रहा है। इसके तहत देश अब सिर्फ पश्चिम एशिया पर निर्भर नहीं है। लोकसभा में देश में एलपीजी संकट पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है। रसोई गैस सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं है। पुरी ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति पुरी सुरक्षित है। हमारे पास जितना तेल उपलब्ध है, वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से मिलने वाली आपूर्ति से कहीं ज्यादा है। पुरी ने कहा कि घरेलू रसोई गैस की सप्लाई भी स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, जिससे विभिन्न मार्गों के जरिए ऊर्जा आपूर्ति जारी रहती है और मौजूदा संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है।

### राज्यसभा: फारुख अब्दुल्ला हमले के मामले में सरकार ने कहा- घटना को राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं

राज्यसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान उस समय हंगामा देखने को मिला जब विपक्ष के नेता मल्लिकाअर्जुन खरगे ने फारुख अब्दुल्ला पर हुए हमले का मुद्दा उठाया। खरगे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक वरिष्ठ नेता की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हो सकती है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस घटना पर जवाब मांगा और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। राज्यसभा में खरगे ने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर सीधे केंद्र सरकार के प्रशासन के अधीन है, तब वहां इस तरह की घटना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने पूछा कि अगर पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या होगा।

## कृषि नीति और नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी बढ़े: राष्ट्रपति



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें नीति निर्माण, निर्णय-निर्धारण तथा नेतृत्व पदों में अधिक अवसर मिलना चाहिए। महिलाओं की व्यापक भागीदारी से कृषि क्षेत्र में लैंगिक समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रपति गुरुवार को यहां ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन द रोल ऑफ वीमेन इन एग्री-फूड सिस्टम्स (जीसीडब्ल्यूएएस-2026) के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं बुवाई, कटाई, प्रसंस्करण और फसलों को बाजार तक पहुंचाने सहित कृषि की लगभग हर गतिविधि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा वे मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, पशुपालन, वन उत्पादों के उपयोग और कृषि आधारित उद्यमों के संचालन में भी लगातार योगदान दे रही हैं। महिलाएं कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अमूल्य योगदान देती हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में कुल छात्रों में 50 प्रतिशत से अधिक और अन्य विश्वविद्यालयों में 60 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं, जो शैक्षणिक प्रदर्शन में भी उत्कृष्ट हैं। ऐसे में सरकार, समाज और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों की जिम्मेदारी है कि इन प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान किया जाए, ताकि वे कृषि और खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें।

राष्ट्रपति ने कहा कि मातृत्व में नेतृत्व की भावना निहित होती है, लेकिन अक्सर इसे घर की सीमाओं तक ही सीमित मान लिया जाता है। इस सोच को बदलते हुए महिलाओं को कृषि क्षेत्र में नेतृत्व देने के लिए आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ द वुमन फार्मर' घोषित किया है। इसका उद्देश्य कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखला में लैंगिक अंतर को कम करना और महिलाओं की नेतृत्व भूमिका को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं को भूमि के औपचारिक स्वामित्व, तकनीकी ज्ञान, वित्तीय संसाधनों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि पिछले दशक में भारत ने महिलाओं को कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने वाली पहलें इस दिशा में प्रभावी साबित हुई हैं।


## इजराइल का ईरान के तालेगान परमाणु संयंत्र पर हमले का दावा

**इस्तांबुल/येरुशलम ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के 13वें दिन ईरान ने दावा किया है कि उसने क्षेत्र में मौजूद इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। वहीं इजराइल ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के कथित परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला करने का दावा किया है। इस हमले से पश्चिम एशिया में हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं।

तुर्किए समाचार एजेंसी अनाडोलू और ईरानी मीडिया की रिपोर्ट में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने बताया है कि गुरुवार को उसने इजराइली और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं। जबकि इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान में ईरान के कथित परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़े एक ठिकाने को निशाना बनाया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि हमलों में तेल अवीव और यरुशलम के आसपास स्थित सैन्य ठिकानों के साथ-साथ क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को निशाना बनाया गया। उनके अनुसार इस ऑपरेशन में खोर्रमशहर मल्टी-वॉरहेड मिसाइल, खेबर शेकन मिसाइल, फत्ताह और कादर मिसाइलों के साथ-साथ सुसाइड ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। खेबर शेकन मिसाइल एक टन तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है।



उधर, इजराइल डिफेंस फोस (आईडीएफ) के हवाले से कहा गया है कि उसने तेहरान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक और ठिकाने पर हमला किया। इस कार्रवाई में तालेगान कंपाउंड को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर ईरान के न्यूक्लियर वेपन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़े कार्यों के लिए किया जाता था।

इज़राइल का दावा है कि इस परिसर में उन्नत विस्फोटक बनाने और 2000 के दशक के गुप्त परमाणु हथियार कार्यक्रम 'अमाद प्रोजेक्ट' से जुड़े संवेदनशील प्रयोग किए जाते थे। हालांकि, इजराइल के इस दावे पर ईरान ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार और उन्नत मिसाइल क्षमता विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं, जबकि तेहरान इन आरोपों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

## अभी महंगी गैस खरीदने का दर्द भविष्य में बड़ा लाभ देगा: राइट

**वाशिंगटन ■ एजेंसी**

पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इज़राइल के युद्ध के कारण गैस की बढ़ती कीमतों के बीच अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने अपने देशवासियों से कहा है कि वर्तमान में गैस की महंगी कीमत देने का त्याग, भविष्य में उन्हें स्थायी लाभ देगा।



क्रिस राइट ने सीएनएन के साथ एक इंटरव्यू में अपने देशवासियों से कहा, 'अभी आप जो ज़्यादा गैस की कीमतें चुका रहे हैं, वह एक ऐसा त्याग है जो आपको करना होगा और आखिर में इसका फ़ायदा मिलेगा।' राइट ने कहा, 'हम इस इलाके में अमेरिकी सैनिकों, उसके साथियों, उसके पड़ोसियों और ग्लोबल एनर्जी मार्केट को खतरे में डालने की ईरान की क्षमता को लगातार कमज़ोर कर रहे हैं।...तो, हाँ, लंबे समय की समस्या को हल करने के लिए आपको थोड़े समय के दर्द से गुज़रना होगा। यह राष्ट्रपति ट्रंप का हिम्मत वाला नेतृत्व है। दुनिया को आज इसी की ज़रूरत है। 'ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर के प्रवक्ता इब्राहिम ज़ोल्फ़कारी ने एक दिन पहले कहा था कि दुनिया को 200 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर तेल के लिए तैयार रहना चाहिए, जो इसकी अभी की कीमत से दोगुना है। राइट ने सीएनएन से बातचीत में कच्चे तेल की कीमत 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की संभावना से इन्कार किया लेकिन उन्होंने यह अंदाज़ा लगाने से मना कर दिया कि तेल और गैस की कीमतें कितनी बढ़ सकती हैं।

## कृषि क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश की शक्ति: शिवराज



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज देश के कृषि वैज्ञानिकों में महिला वैज्ञानिकों की संख्या 41 प्रतिशत हो गई है। कृषि शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का ये प्रमाण है। मोदी सरकार में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन (जीसीडब्ल्यूएएस-2026) के उद्घाटन सत्र में शिरकत करते हुए अपने शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और कृषि कार्य में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आज देश में 10 करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। तीन करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है और अब तीन करोड़ अतिरिक्त लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होते ही लखपति दीदीयों की संख्या 6 करोड़ हो जाएगी। आज देश में महिलाएं ड्रोन दीदी, बैंक दीदी बनकर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 नर्मदापुरम (म0 प्र0)**

निविदा सूचना क्र0 10/2026/ई-टेण्डर/न.पुरम  न0 पुरम, दिनांक 06.03.2026

// नीलामी निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु टेण्डर कम ऑक्शन पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | आफसेट वैल्यू | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 2026_PWDRB_487763 | सिवनी मालवा में पुराने कोर्ट भवन को तोड़ने का कार्य । | रू. 27736.00 (रू. सत्ताईस हजार सात सौ छत्तीस मात्र) | रू. 10000.00 (रू. दस हजार मात्र) | रू. 1000.00 (रू. एक हजार मात्र) | 15 दिवस |

निविदा के विस्तृत दस्तावेज एवं नियम व शर्ते वेबसाईट https://mptenders.gov.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती हैं । निविदाकार को निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि केवल ई-भुगतान के माध्यम से ऑनलाईन ही जमा करना होगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 18.03.2026, सांय 5:30 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाईन नीलामी की प्रारम्भ तिथि दिनांक 25.03.2026 सुबह 10:30 बजे से दिनांक 25.03.2026 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है । किसी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन का प्रचार प्रसार केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा ।

निविदा में प्राप्त सभी बिड/प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरम

जी-27117/25

**न्यायालय नजूल अधिकारी नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

नर्मदापुरम दिनांक -12.03.2026
रा.प्र.क्र/0197/अ-6/2005-06
न्यायालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम के पुनर्विलोकन - रा.प्र.क्र/0005/पुनर्विलोकन/2025-26

सूचना का प्रकाशन

म.प्र.शासन ........................................ आवेदक

बनाम

1. ज्योति पुत्री सतीशचंद्र मिश्रा
2. प्रीति पुत्री सतीशचंद्र मिश्रा
3. राधा पुत्री सतीशचंद्र मिश्रा
4. मीरा पुत्री सतीशचंद्र मिश्रा निवासी इंद्राणी विला कोठी बाजार नर्मदापुरम
5. अखिल पुत्र स्व. कृष्ण बिहारी मिश्रा निवासी रायपूर
6. सुनिल पुत्र स्व. कृष्ण बिहारी मिश्रा निवासी दिल्ली
7. दीपा पुत्री स्व. कृष्ण बिहारी मिश्रा निवासी दिल्ली
8. रूपा पुत्री स्व. कृष्ण बिहारी मिश्रा निवासी उदयपुर
9. आलोक पुत्र गिरीशचंद्र मिश्रा निवासी पुणे
10. अमिताभ पुत्र गिरीशचंद्र मिश्रा निवासी बडोदरा
11. राकेश तिवारी पिता वासूदेव तिवारी निवासी ग्राम, आरी तह. माखननगर जिला नर्मदापुरम
12. माधवी साहू पत्नि मदनलाल साहू निवासी बुधवाडा तह. माखननगर जिला नर्मदापुरम
13. सावित्री राजपूत पत्नि उमेदसिंह निवासी डोलरिया जिला नर्मदापुरम........................अनावेदकगण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **नगर नर्मदापुरम स्थित नजूल शीट न. 45 प्लाट न. 11/1 रकबा 124380 वर्गफट भूखंड पर पूर्व में वर्ष 2005-06 में नजूल न्यायालय होशंगाबाद से बटवारे के आधार पर नामांतरण किया गया था। उक्त नामांतरण में** शासन हित नियत होने से कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा दिनांक 03.02.2026 को रा.प्र.क्र/0005/पुनर्विलोकन/2025-26 में म.प्र. भू-राजस्व संहिता के धारा 51 में वर्णित प्रावधानो के अंतर्गत पुनर्विलोकन की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त पुनर्विलोकन प्रकरण में हितबध्द पक्षकारो की सुनवाई की जाना नितांत आवश्यक है।

अतः उपरोक्त दर्शित आवेदन पत्र पर दर्शित अनावेदकगणो एवं अन्य व्यक्ति/व्यक्तियो को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति आगामी पेशी दिनांक **16/03/2026** को स्वयं अथवा अपने वैध अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली सभी आपत्ति अमान्य की जावेगी।

उक्त समाचार प्रकाशन हेतु आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नर्मदापुरम

जी-27128/25

### नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने की सुनवाई

# पेयजल पाइप लाइन के विस्तार, पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने और नाली निर्माण हेतु आए आवेदन

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान एक दर्जन से अधिक आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। वहीं जांच योग्य प्रकरणों को संबंधित शाखा में भेज दिया गया है और जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज वार्ड 31 में पाइप लाइन विस्तार, वार्ड 6 में नाली निर्माण और सड़क निर्माण, पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने, निर्माण कार्य हेतु एनओसी, संपत्तिकर की रसीद में सही पता करवाने के साथ ही स्वच्छता, पेयजल संबंधी आवेदन आए थे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने सुनवाई करते हुए अधिकांश समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया। पाइप लाइन विस्तार, नाली निर्माण और सड़क निर्माण संबंधी आवेदनों की जांच उपरांत निराकरण करने हेतु संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया। आज जनसुनवाई में पार्षद प्रकाश नारायण गौर, राहुल गौर, राजेंद्र उपाध्याय, नरेंद्र पटेल, पूर्व पार्षद मुकेश यादव, नपा से कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, उपयंत्री रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि लोक कल्याण हेतु नपा में प्रति गुरूवार को जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। नागरिकों में जागरूकता आ रही है और लोग अपनी समस्याओं का समाधान कराने जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं। नपा के अधिकारी कर्मचारी को जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## संसदीय समिति की बैठक में सांसद माया नारोलिया ने रखा विजन

### PM-eBus सेवा और शहरी बजट पर दिए सुझाव



नई दिल्ली/ नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

संसदीय शोध संस्थान एनेक्सी, नई दिल्ली में आयोजित 'आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय' की स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने सक्रिय सहभागिता की।

**बजट एवं ड्राफ्ट रिपोर्ट:** बैठक के पहले सत्र में सांसद नारोलिया ने मंत्रालय की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों की ड्राफ्ट रिपोर्ट पर अपनी सहमति व्यक्त की और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए शहरी विकास की प्राथमिकताओं पर सुझाव दिए।

**PM-eBus सेवा:** दूसरे सत्र में केंद्र की महत्वाकांक्षी PM-eBus सेवा योजना' पर चर्चा हुई। श्रीमती नारोलिया ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह सेवा विशेषकर मध्यप्रदेश के उभरते शहरों में आम जनजीवन को सरल और प्रदूषण मुक्त बनाएगी।

**विकास की प्रतिबद्धता:** माया नारोलिया ने केंद्र सरकार की शहरी आवास एवं विकास योजनाओं को जन-आकांक्षाओं के अनुरूप धरातल पर उतारने और मध्यप्रदेश के विकास को गति देने की अपनी प्राथमिकता दोहराई।

## बजट 2026-27: ग्रामीण विकास का 1.97 लाख करोड़ का बजट 'विकसित भारत' का आधार - सांसद माया नारोलिया

नई दिल्ली/ नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संसद में ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों का पुरजोर समर्थन करते हुए बजट 2026-27 को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि 1,97,023 करोड़ का यह बजट (पिछले वर्ष से 46% अधिक) गांव, गरीब और किसान के सशक्तिकरण का 'मील का पत्थर' साबित होगा।

**रोजगार:** मनरेगा के तहत अब 100 के बजाय 125 दिन के रोजगार की गारंटी (बजट: 95,692 करोड़)।

**आवास:** पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के बजट में 69% की वृद्धि कर 54,917 करोड़ आवंटित।

**सड़कें:** 19,000 करोड़ से 62,500 किमी नई ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा।

**मध्य प्रदेश की उपलब्धि:** प्रदेश में 36.87 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण में 80% महिलाएं शामिल हैं, जो अब अनाज खरीदी और सड़कों के रखरखाव जैसे कार्यों का नेतृत्व कर रही हैं।

**क्षेत्रीय विकास:** नर्मदापुरम (होशंगाबाद) का नाम परिवर्तन सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। क्षेत्र में मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल और बेहतर कनेक्टिविटी हेतु उन्होंने केंद्र सरकार का आभार माना। अंत में नारोलिया ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 'लाड़ली लक्ष्मी' योजना और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए 'जय नर्मदा मैया' के साथ अपनी बात समाप्त की।

### नियमित अभ्यास और दृढ़ निश्चय ने दिलाई सफलता

## समेरिटन्स का पूर्व छात्र बना सेना में लेफ्टिनेंट, विद्यालय में किया सम्मान

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

समेरिटंस विद्यालय के विद्यार्थी सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। वे अपनी दक्षता और योग्यता के दम पर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के साथ ही देश और समाज की सेवा कर रहे हैं। समेरिटंस समूह की विशेष सफलताओं की कड़ी में हाल ही में एक चमकदार मोती और जुड़ गया है। विद्यालय के पूर्व छात्र क्षणिक रजक ने अपने परिश्रम के बल पर भारतीय सेना के डोगरा 1, के मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में लेफ्टिनेंट के पद पर ज्वाइन किया है। विद्यालय के इस होनहार पूर्व छात्र को गुरुवार को विद्यालय में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि हमारे



विद्यार्थी संहारक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं।

प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने कहा कि जब हमारे बच्चे आगे बढ़ते हैं तो प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। क्षणिक ने कहा कि मैंने 10 कक्षा से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, उप संचालक कृषि डॉ रविकांत सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसी के साथ अन्य जनप्रतिनिधि तथा किसान संघ के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में तवा नहर संभाग सिवनी मालवा के लिए 01 अप्रैल 2026 से, तवा परियोजना संभाग इटारसी से 5 अप्रैल 2026 तथा पिपरिया शाखा नहर संभाग सोहागपुर से 8 अप्रैल 2026 से जल प्रवाह शुरू करने के लिए तिथियां प्रस्तावित की गई।

### एसडीएम ने एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

# घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता, कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति पर सख्त निगरानी के निर्देश

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार गुरुवार को अनुभाग स्तर पर शासन द्वारा जारी नए एलपीजी निर्देशों के पालन सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर की अध्यक्षता में गैस एजेंसियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जेएसओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में खनूजा एचपी गैस, राधिका भारत गैस एवं आदर्श भारत गैस शोभापुर एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी एजेंसियों को डिपो से स्टॉक के अनुसार प्रति दो दिवस में नियमित रूप से गैस की आपूर्ति प्राप्त हो रही है तथा घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि कनेक्शनधारी उपभोक्ता 25 दिवस पूर्ण होने के पश्चात बुकिंग कर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल अत्यावश्यक सेवाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों एवं चिकित्सालयों को ही करने के एसडीएम सोहागपुर सुश्री प्रियंका भलावी द्वारा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त किसी भी होटल या ढाबे को कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति नहीं किए जाने के निर्देश भी एजेंसियों को दिए गए। इस दौरान सभी गैस एजेंसियों से घरेलू एवं कमर्शियल कनेक्शनों की संख्या तथा उपलब्ध स्टॉक की जानकारी भी प्राप्त की गई। एसडीएम द्वारा एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए कि यदि किसी हॉकर या वितरक की मिलीभगत से घरेलू गैस सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग अथवा डायवर्जन पाया गया, तो संबंधित गैस एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।






प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन -MP/HSD/04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।